


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 96 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# बायलर फटने से 3 श्रमिकों की दर्दनाक मौत

## गाजियाबाद में आज सुबह हुआ दर्दनाक हादसा, परिजनों को हंगामा

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** गाजियाबाद की एक फैक्टरी में बड़ा हादसा हुआ है। गाजियाबाद के भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव दतैड़ी स्थित नोर्दस्टेर्न रबर एंड रॉल्स प्राइवेट लिमिट फैक्टरी में आज सुबह करीब पांच बजे तेज धमाके के साथ बॉयलर फट गया। हादसे में तीन श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि एक श्रमिक घायल हो गया। घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया।

जानकारी के मुताबिक मुलरूप से पिलखुवा निवासी अनमोल पंसारी की नोर्दस्टेर्न रबर एंड रॉल्स प्राइवेट लिमिट के नाम से फैक्टरी है। फैक्टरी में पेपर को बेलने वाले लोहे के रोल्स पर रबर चढाई जाती है। बृहस्पतिवार रात की शिफ्ट में चार श्रमिक योगेंद्र, अनुज, अवधेश और लक्की काम कर



रहे थे। फैक्टरी में आज सुबह करीब पांच बजे तेज धमाके के साथ बॉयलर फट गया।

बॉयलर की चपेट में आकर योगेन्द्र चौधरी (48 वर्ष) निवासी गांव मुकीमपुर थाना भोजपुर, अनुज (27 वर्ष) निवासी कृष्णानगर मोदीनगर व अवधेश कुमार (21वर्ष) निवासी जहांगीरपुर थाना जेवर जिला गौतमबुद्धनगर की मौके पर मौत हो गई,जबकि लक्की निवासी गांव सुहाना थाना निवाड़ी घायल हो गया।

घटना के बाद मौके पर परिजन व बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और उन्होने हंगामा करना शुरु कर दिया। ग्रामीणों ने मृतक श्रमिकों के परिजनों को मुआवजा देने और और अधिकारियों को बुलाने की मांग की। उनका कहना है कि जब तक मुआवजे की घोषणा नहीं की जाएगी तब तक शव नहीं उठाने दिए जाएंगे।

एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि फैक्टरी में हुए हादसे में तीन श्रमिकों की मौत हो गई और एक श्रमिक घायल हुआ है। परिजनों और ग्रामीणों से वार्ता की जा रही है।

# लोकबंधु अस्पताल में बीमार बच्चों से मिले सीएम योगी



**लखनऊ ( एजेंसी )।** राजधानी लखनऊ में खाना खाने के बाद बीमार हुए निर्वाण संस्था के बच्चों का हाल जानने आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकबंधु श्री राजनारायण कम्बाइंड अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मानसिक मंदित बच्चों से बात की। डॉक्टरों से उनके सेहत के बारे में जानकारी ली। सभी बच्चों का अच्छा इलाज करने के निर्देश दिए।

आपको बता दें कि निर्वाण संस्था में मानसिक मंदित बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ हुआ है। 23 मार्च की रात भोजन के बाद बीमार पड़ने वाले बच्चों में जान गंवाने वाले की संख्या चार हो चुकी है। लोकबंधु अस्पताल में 24 मार्च को 12 वर्ष

### ●फूड प्वाइजनिंग से हुई थी 4 बच्चों की मौत

के शिवांक की मौत हो गई थी। संस्था के लोगों ने इस घटना को दबा दिया था। बुधवार को रेनू (15) व दीपा (15) की मौत के बाद पूरा मामला खुला था। अब खुलासा हुआ है कि बलरामपुर अस्पताल भर्ती सूरज (12) की 25 मार्च को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसे मौत को भी छिपाने की कोशिश हुई। अभी भी एक बच्चे की हालत नाजुक है, जो आईसीयू में भर्ती है। डॉक्टरों की टीम उसकी सेहत की निगरानी में लगी है। अलग-अलग अस्पतालों में कुल 20 बच्चे भर्ती हैं। जबकि सात बच्चों का इलाज संस्था में चल रहा है। वहीं घटना की जांच शुरू हो गई है।

सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया बच्चों की डेथ ऑडिट की जाएगी। इसके लिए डॉक्टरों की कमेटी बनाई गई है। इसमें डॉ. अरुण तिवारी, डॉ. पीसी तिवारी और डॉ. सबीह मजहर को शामिल किया गया है। कमेटी पोस्टमार्टम रिपोर्ट समेत अन्य बिंदुओं की जांच करेगी।

# अलविदा जुमे की नमाज पर कड़ी सुरक्षा, नोएडा में धारा-163 लागू



**लखनऊ/नोएडा ( चेतना मंच )।** रमजान उल मुबारक के आखिरी जुमा में अलविदा की नमाज आज अदा की जा रही है। अलविदा की नमाज में रमजान के रुखसत होने का एलान हो जाएगा। नमाज के लिए शहर की मस्जिदों में तैयारी पूरी हो चुकी है। वहीं अलविदा की नमाज को लेकर पूरे प्रदेश में अलर्ट है। मेरठ, बलिया और संभल के लिए खास अलर्ट है। उधर नोएडा में चार दिनों के लिए धारा-163 लागू कर दी गई है।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अलविदा की नमाज को देखते हुए शहर को पांच जोन और 18 सेक्टर में बांटा गया है। 64 हॉटस्पॉट भी चिह्नित किए गए हैं। नमाज के दौरान ड्रोन से निगरानी की जाएगी। एक हजार पुलिसकर्मी, 12 पुलिस अधिकारी और नौ कंपनी पीएसी तैनात की गई है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक मैसेज पोस्ट करने वालों पर कड़ी नजर रहेगी। बृहस्पतिवार को पुराने शहर के संवेदनशील स्थलों पर फ्लैग मार्च किया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### काली पट्टी बांधने की अपील

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुस्लिम समाज से शुक्रवार को अलविदा की नमाज़ के दौरान काली पट्टी बांधने की अपील की। वक्फ (संशोधन) विधेयक के विरोध में यह शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दीदी ने सोशल मीडिया के ज़रिए वीडियो जारी कर मुसलमानों से इसमें भाग लेने की अपील की है।

# गैंगस्टर में वांटेड बदमाश मुठभेड़ में घायल



**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** थाना मसूरी पुलिस ने टीम दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे अंडरपास के नीचे चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में दो बदमाशों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों पर लूट व चोरी के कई मामले दर्ज हैं।

थाना मूसरी पुलिस अंडरपास के नीचे चेकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर दो सवार व्यक्ति कल्लू गढ़ी की तरफ से आते हुए दिखाई दिए जिन्हें रुकने का इशारा किया गया तो नहीं रुके ओर बाइक पीछे मुड़ाकर ग्राम नाहल की तरफ तेजी से भागने लगे। इसी दौरान उनकी बाइक फिसल गई और उन्होंने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए भाग खड़े हुए पुलिस पार्टी द्वारा जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी दोनों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। पूछने पर इन्होंने अपने नाम शहनवाज उर्फ शादाब पुत्र कयूम निवासी मयूर विहार डासना थाना मसूरी व दूसरे ने अपना नाम इकदाद पुत्र मेहबूब निवासी ग्राम नेकपुर थाना मुरादनगर बताया गिरफ्तार दोनों पर लूट व चोरी व गैंगस्टर के मामले दर्ज हैं।

# अरविंद केजरीवाल पर एफआईआर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम (पीपीए) के कथित उल्लंघन की




शिकायत पर मामला दर्ज किया है। दिल्ली पुलिस ने राउज एवेन्यू कोर्ट में अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की और बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी।

इससे पहले मामले की सुनवाई में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल और मटियाला सीट से विधायक गुलाब सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि पुलिस ने शिकायत पर जांच नहीं की ऐसे में होर्डिंग किसने लगाए और क्यों लगाए इसकी जांच जरूरी है। अदालत ने पुलिस को 18 मार्च तक मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए थे। इससे पहले 2022 में द्वारका स्थित मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस मामले को खारिज कर दिया था। जिसके बाद सत्र न्यायालय ने इसे दोबारा सुनवाई के लिए मजिस्ट्रेट अदालत में भेज दिया था।

# भूकंप से म्यांमार में भारी तबाही

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** म्यांमार में शुक्रवार को दो जोरदार भूकंप के झटकों से धरती कांप उठी. ये झटके इतने जबरदस्त थे कि थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी इन्हें महसूस किया गया। बैंकांक में भूकंप से भारी नुकसान हुआ है। यहां एक निर्माणाधीन इमारत गिर गई। अभी तक जनहानि की कोई सूचना नहीं है।

भूकंप का केंद्र म्यांमार का Sagaing रहा। भूकंप के झटकों की वजह से म्यांमार के मांडलेय में इरावडी नदी पर कथित तौर पर लोकप्रिय एवा ब्रिज ढह गया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर भूकंप के पहले झटके की तीव्रता 7.2 जबकि दूसरे की 7.0 रही।



नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.2 मापी गई। कुछ रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि म्यांमार रुक-रुककर लगातार भूकंप के झटके लग रहे हैं। इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर गहराई में था।

# बैंक ऑफ इंडिया के चीफ मैनेजर के आवास पर सीबीआई का छापा




**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मेरठ की बैंक ऑफ इंडिया शाखा के चीफ मैनेजर (ला मैनेजर) दिनेश सिंह के गुलमोहर सोसायटी स्थित आवास पर छापेमारी की। सीबीआई ने उनके आवास से जरूरी दस्तावेज जब्त किए और दिनेश से लंबी पूछताछ की।

सीबीआइ ने दिनेश और पैनल बैंक की अधिवक्ता सुप्रिया मिश्रा के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। इन पर नीलामी खरीदार से अनुचित लाभ लेने और न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप है।

मेरठ के राजीव कुमार ने 20 सितंबर 2024 को सीबीआई में एक शिकायत दर्ज कराई थी।

राजीव ने आरोप लगाया था कि उन्होंने और उनके भाई संजीव कुमार ने बैंक ऑफ इंडिया, खैर नगर मेरठ से 48 लाख रुपये का लोन लिया था। यह लोन खैर नगर मार्केट में स्थित दुकान को गिरवी रखकर लिया गया था। लोन न चुकाने कारण बैंक ने वर्ष 2014 में इसे नान-परफार्मिंग एसेट्स (एनपीए) घोषित कर दिया।

# गौतमबुद्धनगर प्रगति के पथ पर अग्रसर : डा. महेश शर्मा

## आठ वर्षों में जनपद में 5429.85 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने पिछले 8 वर्षों में गौतमबुद्धनगर को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है। गौतमबुद्धनगर में बीते 8 सालों में 5429 करोड़ से ज्यादा की 1105 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। आज उत्तर प्रदेश पूरे भारत का ग्रोथ इंजन बन गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार के 8 साल पूरे होने पर भाजपा नोएडा महानगर द्वारा सेक्टर-27 स्थित कैलाश अस्पताल के सभागार में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. महेश शर्मा ने प्रदेश व गौतमबुद्धनगर में किए गए विकास कार्यों का लेखा जोखा मीडिया के सामने रखा। सांसद डॉ. महेश शर्मा ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा कराते हुए अप्रैल से इसका संचालन करने की योजना है।



जनपद गौतमबुद्धनगर की 8 वर्ष की उपलब्धियों को गिनाते हुए सांसद ने कहा कि 8 वर्षों में जनपद को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया गया है। 8 वर्षों के दौरान भाजपा सरकार ने जनपद गौतमबुद्धनगर में पीएम किसान सम्मन निधि योजना के अंतर्गत 62300 कृषकों को 100 करोड़ की धनराशि वितरित की, किसान ऋण मोचन योजना में 25249 कृषकों को 120 करोड़ धनराशि वितरित की गई, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11452 शौचालय एवं 153 सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया, निराश्रित महिला पेंशन में 15740 लाभार्थियों की पेंशन उपलब्ध कराई गई, वृद्धावस्था पेंशन योजना में 20572 लाभार्थियों को पेंशन वितरित की गई, दिव्यांगजन पेंशन योजना में 45004 लाभार्थियों को पेंशन वितरित की गई, सामूहिक विवाह योजना में 227 लाभार्थी लाभान्वित किए गए, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में 8362 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 49976 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया, प्रधानमंत्री जनधन खाते में 134735 लाभार्थियों के खाते खोले गए, अटल पेंशन योजना में 22343 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड योजना में 25690 लाभार्थियों के कार्ड बनवाए गए हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# फैसले की चिंता

विगत 17 मार्च को आया इलाहाबाद हाईकोर्ट का जो फैसला पिछले दिनों पूरे देश में सवालों के घेरे में था, सुप्रीम कोर्ट ने उस पर रोक लगाकर न्याय की संवेदनशीलता को संबल दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को लेकर महिला संगठनों व बौद्धिक वर्गों में तल्ख प्रतिक्रिया देखी जा रही थी। यहां तक कि महिला संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट का भी रुख किया था। शीर्ष अदालत के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने माना कि फैसला न केवल असंवेदनशील है बल्कि अमानवीय नजरिया भी दर्शाता है। जिसके चलते इस फैसले पर रोक लगाना आवश्यक हो जाता है। बेंच ने माना कि फैसला लिखने में संवेदनशीलता की कमी दृष्टिगोचर होती है। कोर्ट का मानना था कि जब फैसला चार माह तक सुरक्षित रखने के बाद सुनाया गया तो यह नहीं कहा जा सकता कि इस पर गंभीर मंथन नहीं हुआ। वहीं शीर्ष अदालत ने इस मसले पर केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले की निंदा की। दरअसल, विवाद इस बात को लेकर हुआ कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि पीड़िता किशोरी के स्तनों को छूना व पायजामे की डोरी तोड़ना बलात्कार या बलात्कार की कोशिश नहीं माना जा सकता। उल्लेखनीय है कि यह मामला उत्तर प्रदेश के कासगंज जनपद के पटियाली थाना क्षेत्र में एक किशोरी से जुड़ा था, जिसके बाबत जस्टिस राममनोहर नारायण मिश्रा ने यह विवादित फैसला दिया था। इस एकल पीठ का कहना था कि मामले में तथ्यों व आरोपों के आधार पर तय करना संभव नहीं है कि बलात्कार का प्रयास हुआ था। जिसके लिये अभियोजन पक्ष को सिद्ध करना था कि अभियुक्तों का यह कदम अपराध करने की तैयारी के लिये था। दरअसल, इसी के मद्देनजर देश में फैसले के खिलाफ तल्ख प्रतिक्रिया देखी गई। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट की एकल पीठ का कहना था कि दुराचार करने की कोशिश और अपराध की तैयारी के बीच के अंतर को सही ढंग से समझना चाहिए। हाईकोर्ट ने निचली अदालत को आईपीसी व पॉक्सो एक्ट की हल्की धाराओं में मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी। उल्लेखनीय है कि यह घटना साल 2021 में एक नाबालिग लड़की के साथ हुई थी। जिसमें तीन युवकों ने लड़की से बदतमीजी की थी और उसके प्राइवेट पॉर्टस को छुआ तथा पुल के नीचे घसीटकर उसके पायजामे की डोरी तोड़ थी। जिसे पास से गुजरने वाले ट्रैक्टर चालकों ने बचाया था। स्थानीय पुलिस से जब किशोरी के परिजनों को मदद नहीं मिली तब उन्होंने न्याय के लिये कासगंज की विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। जहां अभियुक्तों पर आईपीसी की धारा 376 व पॉक्सो एक्ट की धारा 18 लगाई गई। जिसको अभियुक्तों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसी मामले में आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ लोगों में नाराजगी देखी गई। माना गया कि इसका समाज में गलत संदेश जाएगा और महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। इसके चलते ही एक महिला संगठन वी द वूमेन ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। कालांतर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया। उल्लेखनीय है कि एक ऐसे ही मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच के फैसले को पलट कर कानून की संवेदनशीलता को संबल दिया था। तब भी सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2021 में कहा था कि किसी बच्चे के यौन अंगों को यौन इरादे से छूना पॉक्सो अधिनियम की धारा 7 के तहत यौन हिंसा माना जाएगा। अब चाहे इसमें त्वचा का संपर्क नहीं हुआ हो। कोर्ट का मानना था कि अभियुक्त का इरादा ज्यादा मायने रखता है। दरअसल, इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की महिला जज ने अभियुक्त को इस आधार पर बरी करने का फैसला लिया था कि त्वचा से त्वचा का संपर्क नहीं हुआ था। निस्संदेह, ऐसे गंभीर मामलों में घटनाक्रम की संवेदनशीलता को मद्देनजर रखना जरूरी होता है। जिसका समाज में सकारात्मक संदेश जाए और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# विदेश में रह रहे हिंदूओं के साथ खड़े रहने की आवश्यकता

आज लगभग 4 करोड़ से अधिक भारतीय मूल के नागरिक विश्व के अन्य देशों में शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं एवं इन देशों की आर्थिक प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कई देशों में तो भारतीय मूल के नागरिक इन देशों के राजनैतिक पटल पर भी अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, आदि विकसित देश इसके प्रमाण हैं। आस्ट्रेलिया में तो भारतीय मूल के नागरिकों को राजनैतिक क्षेत्र में सक्रिय करने के गम्भीर प्रयास स्थानीय स्तर पर किए जा रहे हैं, क्योंकि अन्य देशों में भारतीय मूल के नागरिकों की इस क्षेत्र में सराहनीय भूमिका सिद्ध हो चुकी है। राजनैतिक क्षेत्र के अतिरिक्त आर्थिक क्षेत्र में भी भारतीय मूल के नागरिकों ने अपनी उपयोगिता सिद्ध की है जैसे अमेरिका के सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आज भारतीयों का ही बोलबाला है। अमेरिका में प्रतिवर्ष लगभग 85,000 एच वन-बी वीजा जारी किए जाते हैं, इसमें से लगभग 60,000 एच वन-बी वीजा भारतीय मूल के नागरिकों को जारी किए जाते हैं। इसी प्रकार अमेरिका की प्रमुख बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारतीय मूल के नागरिक बन रहे हैं। आज अमेरिका एवं ब्रिटेन में प्रत्येक 7 चिकित्सकों में 1 भारतीय मूल का नागरिक हैं। न केवल उक्त वर्णित विकसित देशों बल्कि खाड़ी के देशों यथा, बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में भी भारतीय मूल के नागरिक भारी संख्या में शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं एवं इन देशों के आर्थिक विकास में अपनी प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कई देशों यथा सिंगापुर, गुयाना, पुर्तगाल, सूरीनाम, मारीशस, आयरलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका आदि के राष्ट्राध्यक्ष (प्रधानमंत्री अथवा राष्ट्रपति/उपराष्ट्रपति) भारतीय मूल के नागरिक रहे हैं एवं कुछ देशों में तो अभी भी इन पदों पर आसीन हैं। साथ ही, 42 देशों की सरकार अथवा विपक्ष में कम से कम एक भारतवंशी रहा है।

दूसरी ओर, भारत के पड़ौसी देशों बांग्लादेश, पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में भारतीय मूल के नागरिकों, विशेष रूप से हिंदुओं की जनसंख्या लगातार कम हो रही है। बांग्लादेश में तो वर्ष 1951 में कुल आबादी में हिंदुओं की आबादी 22 प्रतिशत थी वह आज घटकर 8 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। लगभग यही हाल पाकिस्तान का भी है। बांग्लादेश में तो हाल ही के समय में सत्ता पलट के पश्चात हिंदुओं सहित वहां के अल्पसंख्यक समुदायों पर कातिलाना हमले किए गए हैं। केवल बांग्लादेश ही क्यों बल्कि विश्व के किसी भी अन्य देश में हिंदुओं के साथ इस प्रकार की घटनाओं का कड़ा विरोध होना चाहिए। भारतीय मूल के नागरिक सनातन संस्कृति के संस्कारों के चलते बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से इन देशों के विकास में अपनी भागीदारी निभाते हैं। इसके बावजूद भी यदि भारतीयों पर इस प्रकार के आक्रमण किए जाते हैं तो इसकी निंदा तो की ही जानी चाहिए एवं विश्व समुदाय से इस संदर्भ में सहायता भी मांगी जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। बांग्लादेश में हिंदूओं सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हुए घातक हमलों की अमेरिका के राष्ट्रपति श्री डॉनल्ड ट्रम्प ने भी भर्त्सना की थी, इसी प्रकार के विचार अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भी प्रकट किया थे। परंतु, आज आवश्यकता इस बात की है कि भारतीय हिंदू समाज भी विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के नागरिकों के साथ खड़ा हो। इसी संदर्भ में, दिनांक 21 मार्च से 23 मार्च 2025 को बंगलूरू में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में बांग्लादेश के हिंदू समाज के साथ एकजुटता से खड़े रहने का आह्वान किया गया है एवं इस संदर्भ में निम्नलिखित एक विशेष प्रस्ताव भी पास किया गया है।



अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्प संख्यक समुदायों पर इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा लगातार हो रही सुनियोजित हिंसा, अन्याय और उत्पीड़न पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। यह स्पष्ट रूप से मानवाधिकार हनन का गम्भीर विषय है।

बांग्लादेश में वर्तमान सत्ता पलट के समय मठ मंदिरों, दुर्गा पूजा पंडालों और शिक्षण संस्थानों पर आक्रमण, मूर्तियों का अनादर, नृशंस हत्याएं, सम्पत्ति की लूट, महिलाओं के अपहरण और अत्याचार, बलात मतांतरण जैसी अनेक घटनाएं सामने आ रही हैं। इन घटनाओं को केवल राजनीतिक बताकर इनके मजहबी पक्ष को नकारना सत्य से मुंह मोड़ने जैसा होगा, क्योंकि अधिकतर पीड़ित, हिंदू और अन्य अल्प संख्यक समुदायों से ही हैं।

बांग्लादेश में हिंदू समाज, विशेष रूप से अनुसूचित जाति तथा जनजाति समाज का इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा उत्पीड़न कोई नई बात नहीं है। बांग्लादेश में हिंदुओं की निरंतर घटती जनसंख्या (1951 में 22 प्रतिशत से वर्तमान में 7.95 प्रतिशत) दर्शाती है कि उनके सामने अस्तित्व का संकट है। विशेषकर, पिछले वर्ष की हिंसा और घृणा को जिस तरह सरकारी और संस्थागत समर्थन मिला, वह गम्भीर चिंता का विषय है। साथ ही, बांग्लादेश से लगातार हो रहे भारत विरोधी वक्तव्य दोनों देशों के सम्बन्धों को गहरी हानि पहुंचा सकते हैं।

कुछ अंतरराष्ट्रीय शक्तियां जान बूझकर भारत के पड़ौसी क्षेत्रों में अविश्वास और टकराव का वातावरण बनाते हुए एक देश को दूसरे के विरुद्ध खड़ा कर अस्थिरता फैलाने का प्रयास कर रही हैं। प्रतिनिधि सभा, चिन्तनशील वर्गों और अंतरराष्ट्रीय मामलों से जुड़े विशेषज्ञों से अनुरोध करती हैं कि वे भारत विरोधी वातावरण, पाकिस्तान तथा डीप स्टेट की सक्रियता पर दृष्टि रखें और इन्हें उजागर करें। प्रतिनिधि सभा इस तथ्य को रेखांकित करना चाहती है कि इस सारे क्षेत्र की एक सांझी संस्कृति, इतिहास एवं सामाजिक सम्बंध हैं जिसके चलते एक जगह हुई कोई भी उथल पुथल सारे क्षेत्र में अपना प्रभाव उत्पन्न करती हैं। प्रतिनिधि सभा का मानना है कि सभी जागरूक लोग भारत और पड़ौसी देशों की इस सांझी विरासत को दृढ़ता देने की दिशा में प्रयास करें।

यह उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के हिंदू समाज ने इन अत्याचारों का शांतिपूर्ण, संगठित और लोकतांत्रिक पद्धति से साहसपूर्वक विरोध किया है। यह भी प्रशंसनीय है कि भारत और विश्वभर के हिंदू समाज ने उन्हें नैतिक और भावनात्मक समर्थन दिया है। भारत सहित शेष विश्व के अनेक हिंदू संगठनों ने इस हिंसा के विरुद्ध आंदोलन एवं प्रदर्शन किए हैं और बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा व सम्मान की मांग की है। इसके साथ ही विश्व भर के अनेक नेताओं ने भी इस विषय को अपने स्तर उठाया है।

भारत सरकार ने बांग्लादेश के हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ खड़े रहने और उनकी सुरक्षा की आवश्यकता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। उसने यह विषय बांग्लादेश की आंतरिक सरकार के साथ साथ कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उठाया है। प्रतिनिधि सभा भारत सरकार से अनुरोध करती है कि वह बांग्लादेश के हिंदू समाज की सुरक्षा, गरिमा और सहज स्थिति सुनिश्चित करने के लिए वहां की सरकार से निरंतर संवाद बनाए रखने के साथ साथ हर सम्भव प्रयास जारी रखे।

प्रतिनिधि सभा का मत है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों व वैश्विक समुदाय को बांग्लादेश में हिंदू तथा अन्य अल्प संख्यक समुदायों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार का गम्भीरता से संज्ञान लेना चाहिए और बांग्लादेश सरकार पर इन हिंसक गतिविधियों को रोकने का दबाव बनाना चाहिए। प्रतिनिधि सभा हिंदू समुदाय एवं अन्यान्य देशों के नेताओं से तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से आह्वान करती है कि बांग्लादेशी हिंदू तथा अन्य अल्पसंख्यक समाज के समर्थन में एकजुट होकर अपनी आवाज उठाएं।

यह प्रथम बार नहीं है कि भारत के किसी सांस्कृतिक संगठन ने विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के नागरिकों के हित में आवाज उठाई है। बल्कि, पूर्व में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बांग्लादेश में हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे अत्याचार की बात विभिन्न मंचों पर करता रहा है। क्योंकि, यह पूरे विश्व के हित में है कि हिंदू सनातन संस्कृति को पूरे विश्व में फैलाया जाय ताकि पूरे विश्व में ही शांति स्थापित हो सके। इसके साथ ही, वैश्विक पटल पर भी संघ का कार्य द्रुत गति पकड़ता दिखाई दे रहा है। विश्व के अन्य देशों में हिंदू स्वयंसेवक संघ कार्य कर रहा है। आज विश्व के 53 देशों में 1,604 शाखाएं एवं 60 साप्ताहिक मिलन कार्यरत हैं। पिछले वर्ष 19 देशों में 64 संघ शिक्षा वर्ग लगाए गए। विश्व के 62 विभिन्न स्थानों पर संस्कार केंद्र भी कार्यरत हैं। जर्मनी से इस वर्ष 13 विस्तारक भी निकले हैं। इस प्रकार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उक्त प्रयासों की जितनी प्रशंसा की जाय उतनी कम है।

**-प्रहलाद सबनानी**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि असुरों को मदिरा और शिवजी को विष देकर तुमने स्वयं लक्ष्मी और सुंदर (कौस्तुभ) मणि ले ली। तुम बड़े धोखेबाज और मतलबी हो। सदा कपट का व्यवहार करते हो॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**बोले मधुर बचन सुरसाई। मुनि कहँ चले बिकल की नाईं॥**
**सुनत बचन उपजा अति क्रोधा। माया बस न रहा मन बोधा॥**

देवताओं के स्वामी भगवान ने मीठी वाणी में कहा- हे मुनि! व्याकुल की तरह कहाँ चले? ये शब्द सुनते ही नारद को बड़ा क्रोध आया, माया के वशीभूत होने के कारण मन में चेत नहीं रहा॥

**पर संपदा सकहु नहिं देखी। तुम्हरें इरिषा कपट बिसेषी॥**
**मथत सिंधु रुद्रहि बौरायहु। सुरन्ह प्रेरि बिष पान करायहु॥**

(मुनि ने कहा-) तुम दूसरों की सम्पदा नहीं देख सकते, तुम्हारे ईर्ष्या और कपट बहुत है। समुद्र मथते समय तुमने शिवजी को बावला बना दिया और देवताओं को प्रेरित करके उन्हें विषपान कराया॥

**दो0-असुर सुरा बिष संकरहि आपु रमा मनि चारु।**
**स्वारथ साधक कुटिल तुम्ह सदा कपट ब्यवहारु॥**

असुरों को मदिरा और शिवजी को विष देकर तुमने स्वयं लक्ष्मी और सुंदर (कौस्तुभ) मणि ले ली। तुम बड़े धोखेबाज और मतलबी हो। सदा कपट का व्यवहार करते हो॥

(क्रमशः...)

# आपसी सौहार्द में निहित है सबका कल्याण

इन दिनों पंजाब और हिमाचल के लोगों के बीच आरोप-प्रत्यारोप एवं पोस्टर्स युद्ध का मुद्दा गरमाया हुआ है, जो कहीं न कहीं राष्ट्रभक्त हिमाचलियों और अलगाव पसंद चंद खालिस्तान समर्थकों के बीच चल रही खींचतान का परिणाम है, तो अमनपसंद भारतीयों के बीच चिंता का विषय भी बना हुआ है। पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में पंजाब से आ रहे बाइक सवारों, जिन्होंने अपने मोटरसाइकिलों पर खालिस्तानी झंडे और भिंडरावाले की तस्वीरें लगा रखी थीं, के साथ स्थानीय लोगों की झड़पें हुई हैं और प्रतिक्रियास्वरूप पंजाब के होशियारपुर और खरड़ में भिंडरावाले के समर्थक लोगों ने हिमाचल नंबर की गाडियों और एचआरटीसी बसों के शीशों पर भिंडरावाले की फोटो चस्पा की हैं और तोडफ़ोड़ भी की है। सोशल मीडिया में पंजाब के होशियारपुर और खरड़ से होकर गुजरने वाली एचआरटीसी की बसों के शीशे तोड़े जाने और पेंट से आपत्तिजनक शब्द लिखे जाने की घटनाओं के वीडियो एवं तस्वीरें देखने को भी मिल रही हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में अपना विरोध दर्ज करवाते हुए बयान दिया है कि, 'हिमाचल की बसों पर खालिस्तान समर्थक भिंडरावाले के झंडे लगा रहे हैं और एचआरटीसी की बसों पर हमला हो रहा है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू को इस मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री से बात कर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने के लिए शीघ्र प्रयास करना चाहिए क्योंकि कानून व्यवस्था सरकार की जिम्मेवारी है।' ऐसा माना जा रहा है कि यह विवाद होली के आसपास शुरू हुआ जब पंजाब से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कुल्लू जिले के मणिकर्ण साहिब गुरुद्वारे में गए। हालांकि, उनके अनियंत्रित व्यवहार, जिसमें लापरवाही से गाड़ी चलाना और सडक़ पर नियमों का उल्लंघन करना शामिल है, के कारण स्थानीय लोगों के साथ उनका टकराव हुआ। उन्होंने एक स्थानीय निवासी पर तलवार से भी हमला किया, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। कई शिकायतों के बाद, कुल्लू पुलिस ने कार्रवाई शुरू की, जुर्माना लगाया और उपद्रवियों के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए। इससे पंजाब में भिंडरावाला समर्थकों में गुस्सा फैल गया, जिसके कारण उन्होंने एचआरटीसी बसों पर पोस्टर चिपकाए और हिमाचल के लोगों के खिलाफ धमकियां दीं। मनाली और मणिकर्ण पुलिस थानों में शस्त्र अधिनियम, सार्वजनिक सुरक्षा कानून और मोटर वाहन अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी संसद में, भारत में आतंकवाद के खिलाफ उठाए गए कदमों पर चर्चा करते हुए पंजाब में अलगाववादी तत्वों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। गृहमंत्री अमित शाह का कहना था कि 'कुछ लोग पंजाब में भिंडरांवाला बनने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन गृह मंत्रालय के सख्त प्रयासों से अब उनमें से एक असम की जेल में गुरु ग्रंथ साहिब पढ़ रहा है। मोदी सरकार के रहते राजनीतिक आइडियोलॉजी के कारण हम अलगाववाद को पनपने नहीं देंगे।' भारत में अलगाववाद को लेकर होने वाली घटनाएं और झड़पें कोई नई बात नहीं हैं। अलगाववाद का मतलब है, देश के किसी हिस्से के, अलग होकर अलग देश बनाने की मांग करना।

भारत में कई अलगाववादी आंदोलन हो चुके हैं। इनमें से कुछ प्रमुख आंदोलन खालिस्तान, नागालैंड, असम अलगाववादी और पंजाबी सूबा आंदोलन आदि होते रहे हैं और इन अलगाववादी आंदोलनों को दबाने के लिए भारत सरकार ने कई उपाय किए हैं। इनमें सैन्य हस्तक्षेप, बातचीत, निष्पक्ष चुनावों का आयोजन और आर्थिक विकास की नीतियां बनाना आदि शामिल हैं। जहां तक खालिस्तान की बात है, खालिस्तान का अर्थ है खालिस लोगों की भूमि। यह भारत के पंजाब राज्य के सिख अलगाववादियों द्वारा प्रस्तावित देश को दिया गया नाम है। खालिस्तान के क्षेत्रीय दावे में वर्तमान भारतीय प्रांत पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली तथा राजस्थान के कुछ क्षेत्र भी शामिल हैं। लोगों को यह समझना चाहिए कि किसी भी तरह का अलगाववादी आंदोलन देश के विकास के लिए गंभीर बाधा है, क्योंकि ऐसे आंदोलन देश की एकता, अखंडता और स्थिरता को कमजोर करते हैं, जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं, निवेश कम होता है, सामाजिक सद्भाव बिगड़ता है और युवाओं की तरक्की पर विपरीत असर पड़ता है। ऐसे अलगाववादी आंदोलन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे देश को आर्थिक और राजनीतिक रूप से नुकसान हो सकता है। पूर्वोत्तर और कश्मीर के अलगाववादी आंदोलन भी कुछ-कुछ इसी तरह के राष्ट्र विभाजन की बात करते हैं। अलगाववादी आंदोलन का मुख्य उद्देश्य एक अलग राज्य या राजनीतिक इकाई बनाना होता है, जो मौजूदा राज्य या राजनीतिक संरचना से अलग हो। इन अलगाववादियों पर नकेल कसने के लिए आवश्यक है कि केंद्र एवं राज्य सरकारें अलगाववादियों का समर्थन करने वाले संगठनों पर कानूनन रोक लगाएं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राज्य की अखंडता को बरकरार रखें।

लोगों को लोकतांत्रिक चुनावों में बढ़-चढक़र हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें। इसी बीच पंजाब के खालिस्तान समर्थक लोगों, जो भिंडरावाले के भी समर्थक हैं, ने सरेआम धमकियां दी हैं कि वे शीघ्र ही खालिस्तानी झंडे लगाकर हिमाचल आएंगे।

**-अनुज आचार्य**

## राणा का अमर बलिदान



अर्पित मिश्रा

**राणा का अमर बलिदान**
**व्यर्थ नहीं जाएगा**
**घाव 80 हो या 180 राणा**
**केसरिया लहराएगा**
**गिद्धों ने राणा के बलिदान**
**का प्रमाण मांगा है**
**गद्दारों ने फिर से राणा के**
**घावों का हिसाब मांगा है**
**राणा के अमर बलिदान का प्रमाण है चंदन की माटी**
**राणा ने अपने पराक्रम से मुगल सेना थी पाटी**
**राणा के शौर्य से प्रकाशित इतिहास हमारा है**
**राणा के गौरव की रक्षा का दायित्व हमारा है**
**राणा का केसरिया बाना अभिमान हमारा है**
**बाबर की औलादों को हरा फिर भगवा लहराना है।**

# राशिफल

चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्दशी (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आय में आशातीत सफलता नहीं मिलेगी। जितना सोचेंगे, जैसा सोचेंगे वैसा नहीं होगा और जो नहीं सोचेंगे वैसा हो सकता है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
कोर्ट-कचहरी में न पड़ें अभी। राजनीतिक स्थिति मध्यम रहेगी। व्यापारिक स्थिति मध्यम रहेगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
अपमानित होने का भय रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार मध्यम गति से ही चलेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य अच्छा नहीं दिख रहा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
स्वंय के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी-चाकरी में कोई रिस्क न लें।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा, लेकिन स्वास्थ्य प्रभावित रहेगा। प्रेम, संतान ठीक है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं से बचें। विद्यार्थियों के लिए थोड़ा सा मध्यम समय रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
घरेलू सुख बाधित रहेगा। घर में कोई बड़ा विवाद न हो इस बात को ध्यान में रखें और शांतचित्त होकर निपटाएं।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
नाक, कान, गला की परेशानी हो सकती है। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
धन हानि का संकेत है। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। प्रेम, संतान, व्यापार मध्यम है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
घबराहट, बेचैनी बनी रहेगी। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान भी मध्यम है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
सर दर्द, नेत्र पीड़ा और अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य,प्रेम, व्यापार मध्यम है।

# एमिटी विवि में खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी का भविष्य पर एमिफोस्ट का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** छात्रों को खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आधुनिक प्रगति की जानकारी प्रदान करने के लिए एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी द्वारा ''खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी-नवाचार, स्थायीत्व और स्वास्थय'' पर दो दिवसीय अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन ''एमिफोस्ट 2025'' का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का शुभारंभ एफआईसीसीआई के खाद्य प्रसंस्करण सलाहकार श्री सिराज हुसैन, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइंस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, जर्मनी के कोम्पेटेंजेंट्रम ओब्स्टबाउ बोडेंसी के एमडी डॉ. मैनफ्रेड बुचेले, एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती और एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी के निदेशक डा वी के मोदी द्वारा किया गया।




एफआईसीसीआई के खाद्य प्रसंस्करण सलाहकार सिराज हुसैन ने संबोधित करते हुए कहा कि आप युवाओं को केवल रोजगार प्राप्त करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण का विषय नही पढ़ना चाहिए। खाद्य हर किसी को प्रभावित करता है और अगर स्वास्थय की बात करें तो उसमे खाद्य प्रदर्थो की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के स्टडी के अनुसार 56 प्रतिशत व्यक्ति खराब जीवनशैली के कारण रोगों की चपेट में आ जाते है। उन्होनें छात्रो से कहा कि हमे प्रचुर मात्रा में खाद्य का उत्पादन करना चाहिए जिससे हमारी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हो सकें। उत्पादन टिकाउ तरीके से होना चाहिए। खाद्य नुकसान या अन्न की बर्बादी को कम करना चाहिए। भोजन को पौष्टिक तरीके से संसाधित करें और हमेशा अपने स्वास्थय का ध्यान रखे। श्री हुसैन ने कहा कि आज भारत वैश्विक स्तर पर पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न सामग्री का उत्पादन कर रहा है। बढ़ती आबादी के अनुपात में हमें अपने खाद्य उत्पादन की दर को बनाये रखना होगा। एक प्रकार का मिथक है कि देश में एक तिहाई खाद्यान्न की बर्बादी हो रही है किंतु अब तक कोई ऐसी स्टडी नही हुई है जो सही जानकारी प्रदान कर सकें। इस दौरान उन्होनं स्थायी कृषि, यूरिया का उपयोग आदि पर अपने विचार रखे।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइंस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में खाद्यान्न अत्यंत महत्वपूर्ण है और विभिन्न अनुसंधानों सहित नवचारों के जरीए खेत से प्लेट तक पहुंचने वाले अन्न की बर्बादी को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होनें छात्रों से कहा कि इस सम्मेलन के जरीए आप नई तकनीकीयों के विचार, भोजन में पोषक तत्वों को बढ़ाने, विकसित भारत के लक्ष्य में खाद्यन्न उत्पादन का महत्व आदि पर विशेषज्ञों का मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है।

जर्मनी के कोम्पेटेंजेंट्रम ओब्स्टबाउ बोडेंसी के एमडी डॉ. मैनफ्रेड बुचेले ने कहा कि प्रौद्योगिकी का महत्व तभी सार्थक है जब वह प्रयोगशाला से निकल कर कृषकों के हाथ में जाये और वे उसका उपयोग उत्पादन बढ़ाने के लिए करे। खाद्यान्न उत्पादन में नइ वैराइटी, नई तकनीक के विकास की आवश्यकता है। हमें बढ़ती वैश्विक आबादी के लिए अधिक खाद्य की आवश्यकता है। खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए इस प्रकार के सम्मेलन सहायक होते है।

एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती ने कहा कि आप युवा छात्र कल के वैश्विक नेता है जो वैश्विक समस्याओं के निवारण हेतु कार्य करेगे। किसी भी देश का विकास उसकी आर्थिक शक्ति, सैन्य शक्ति और ज्ञान की शक्ति निधारित करती है। आजादी के उपरांत हमें खाद्यान्न के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना पड़ता था आज हम आत्मनिर्भर है। इस प्रकार के सम्मेलनों द्वारा हम छात्रों को अनुसंधान व नवाचार करने के लिए प्रेरित करते है।

एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी के निदेशक डा वी के मोदी ने स्वागत करते हुए कहा कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में ''स्थायित्व खाद्य प्रणाली, खाद्य उत्पादन और खाद्य सुरक्षा'', पोषण स्वास्थय और क्रियात्मक खाद्यान्न आदि पर विशेषज्ञ अपने विचार प्रस्तुत करेगे।



**जुमे की नमाज एवं ईद को लेकर दादरी स्थ्ति ईदगाह का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी। साथ में हैं कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष वसील अहमद एवं अन्य।**

## सीटू ने किया प्रदर्शन




**नोएडा ( चेतना मंच )।** लिस्टर मोएस्सनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड प्लॉट नंबर- 124 व 147 एन एस ई जैड फेस- 2, नोएडा के प्रबंधन द्वारा श्रमिकों के आर्थिक मानसिक उत्पीड़न के खिलाफ सीटू के बैनर तले श्रमिकों ने कंपनी में कार्य का बहिष्कार कर नोएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र (कस्टम) के गेट नंबर- 2, पर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू जिला महासचिव रामसागर, सचिव रामस्वारथ ने किया।

## बार एसोसिएशन की बैठक में विशेष निर्णय, न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आज जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर की कार्यकारिणी बैठक अध्यक्ष प्रमेन्द्र सिंह भाटी एडवोकेट की अध्यक्षता मे आहुत की गई, तथा संचालन सचिव अजीत नागर (दुजाना) एंडवोकेट द्वारा किया गया। जिसमें निम्न प्रस्ताव पारित किया गया। रमजान माह के आखरी शुकवार (जुमा-अल-विदा) होने के कारण सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि अधिवक्ता पूर्ण दिवस न्यायिक कार्य से विरत रहेंगें।



## सपाइयों ने किया सांसद सनातन पांडे का स्वागत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी के बलिया लोकसभा सीट से सांसद सनातन पांडे के गुरुवार को ग्रेटर नोएडा पहुंचने पर सपा कार्यकर्त्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी के ग्रेटर नोएडा स्थित आवास पर जोरदार स्वागत किया किया गया।

इस अवसर पर सांसद सनातन पांडे ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीति और तानाशाही के चलते आज देश एवं प्रदेश बदहाल स्थिति में पहुँच गया है। दिनों-दिन बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी से जनता परेशान है। ध्वस्त कानून व्यवस्था, बढ़ता भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की असफलता है। अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए भाजपा सम्प्रदायवाद और जातिवाद को बढ़ावा दे रही है। भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त जनता अब उत्तर प्रदेश में बदलाव चाहती है। संविधान बचाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए भाजपा को हटाना अति आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओ से समाजवादी पार्टी को मजबूत करने और अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी ईमानदारी के साथ जुट जाने का आह्वान किया।

इस मौके पर मुख्य रुप से पंडित पीताम्बर शर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुनील भाटी देवटा, कृशान्त भाटी, जिला महासचिव सुधीर तोमर, दीपक भाटी देवटा, सुनीता यादव, रोहित मत्ते गुर्जर, अमित रौनी, अशोक शर्मा, अनूप तिवारी, विनय शर्मा, इंजी.गजेंद्र यादव, परमानंद शर्मा, अभिषेक भाटी, सागर तंवर आदि मौजूद रहे।

## डीसीपी को सौंपा ज्ञापन





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में छपरा गैंग के आतंक से परेशान पीड़ितों ने कल डीसीपी जोन-3 को प्रार्थना पत्र दिया।

बतादें कि थाना बीटा-2 की ऐचछर चौकी क्षेत्र में एनएफएल समिति के पास गरीब ठेलीकामचा वाले भुवनेश्वर व उसके साथियों से अवैध वसूली न देने पर इस गैंग के लोग मारपीट करते हैं। पीड़ितों ने पुलिस अफसरों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## पृष्ठ एक के शेष...

**अलविदा जुमे की नमाज...**

उत्तर प्रदेश में अलविदा की नमाज के मौके पर पूरे सूबे की पुलिस अलर्ट पर है और सभी जिलों में सड़क पर नमाज न होने देने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। लखनऊ में अलविदा की नमाज को लेकर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। 94 ईदगाह और 1210 मस्जिदों में आज अलविदा की नमाज पढ़ी जाएगी. पुराने लखनऊ को पांच जोन 18 सेक्टर में बांटा गया है। 64 हॉटस्पॉट चिन्हित किए गए जहां सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं. प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सुरक्षा के लिए लखनऊ में 12 राजपत्रित अधिकारी 9 कंपनी पीएसी लगाई गई है।

मेरठ, सहारनपुर, संभल, मुरादाबाद, बदायूं, गाजियाबाद, नोएडा, हापुड़, प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़, हाथरस, आगरा, कासगंज, फिरोजाबाद, लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी और गोरखपुर समेत प्रदेश के 42 जिलों के 1000 से ज्यादा हॉटस्पॉट चिन्हित किए गए।

रमजान की अलविदा जुम्मा, ईद और नवरात्रि पर नोएडा में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और 28 मार्च से 31 मार्च तक बीएनएस की धारा 163(पहले 144 धारा) लागू कर दी गई है। इसका मकसद त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखना है, अधिकारियों ने नागरिकों से सहयोग करने और शांतिपूर्ण सुरक्षित वातावरण में नियमों का पालन करने का आग्रह किया है.

रमजान का आखिरी शुक्रवार या अलविदा जुम्मा खास होता है, इस दिन मस्जिदों पर बड़ी संख्या में मुसलमान नमाज अदा करते हैं। यही वजह है कि आज अलविदा जुमे की नमाज को सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से अदा करने के लिए नोएडा के डीसीपी समेत तमाम पुलिसकर्मी सेक्टर-8 के जामा मस्जिद पर मौजूद हैं, इस दौरान पैरामिलिट्री फोर्स को भी तैनात किया गया है। यहां आज हजारों की संख्या में लोग जमा मस्जिद पर नमाज अदा करेंगे।

जिले के सभी मस्जिदों पर अलविदा जुम्मा और ईद को देखते हुए तीनों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने फुट पेट्रोलिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया. थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है, कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए कहीं भी बिना पार्किंग के वाहनों को सड़क पर ना खड़ा होने दिया जाए. जिससे मार्ग अवरुद्ध हो, संदिग्ध वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। लोगों से भी असामाजिक तत्व और सौहार्द बिगड़ने वालों पर नजर रखने की अपील की गई।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**गौतमबुद्धनगर प्रगति के ...**

सांसद ने बताया कि राशन कार्ड धारकों की संख्या 2450 है निशुल्क राशन वितरण अंतर्गत 2450 राशन कार्डों पर अंत्योदय प्रति कार्ड 35 किलोग्राम एवं पात्र गृहस्थी योजना के अंतर्गत प्रति यूनिट 5 किलोग्राम खाद्यान्न का माह अप्रैल 2020 से अब तक निशुल्क राशन प्रदान किया जा रहा है, पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत 4125 लाभार्थियों को लानान्वित किया गया, पीएम उज्जवला योजना में 66071 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया, टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण योजना में 96608 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया, छात्रवृत्ति वितरण पूर्व दशम व दशमोत्तर अल्पसंख्यक कल्याण योजना में 9660 लाभार्थियों को छात्रवृति प्रदान की गई, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में 3800 सामार्थियों को लाभान्वित किया गया, जनपद में 18 निराश्रित गोवंश आश्रम स्थल है।

जनपद में 29.70 किलोमीटर का मेट्रो व अन्य परिवहन निगम का विस्तार किया गया है। जनपद में 341170 करोड़ रुपए के औद्योगिक निवेश से 1235068 युवक-युवतियों को रोजगार मिला है। 418 प्रमुख सड़कें बनाई गई, तीन नवीन हॉस्पिटलों का निर्माण किया गया, एक कॉविड हॉस्पिटल नोएडा का निर्माण कराया गया, एक राजकीय महाविद्यालय रबूपुरा जेवर का निर्माण किया गया, तीन नए इंटर कॉलेज निर्मित किए गए, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना में 43 लाभार्थियों को 15,24000/- धनराशि वितरित की गई, मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना योजना अंतर्गत 29 लाभार्थियों को 890000 धनराशि वितरित कराई गई, मुख्यमंत्री कृषक उपचार योजना में 17 लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं। ताउस्थिन इन्टरनेशनल लि0 द्वारा रु0 99999.00 करोड का एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित किया गया जिसमें सेमी कण्डेक्टर का उत्पादन किया जाना है, इससे 50,000 युवक/युवतियों को रोजगार प्राप्त होने की सम्भावना है। जनपद गौतमबुद्धनगर में मै0 एन0आई0डी0पी0 डवलेपर्स प्रा0 लि0 द्वारा रू0 30000/00 करोड़ का निवेश किया गया, जो डेटा सेंटर की सेवा प्रदान कर रहे हैं। इससे 2100 युवक/युवतियों को रोजगार प्राप्त हुआ, आई0आई0एम0टी0 यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, जे0एस0एस0 यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा का निर्माण, 7279.12 लाख से सड़क खडंजा/नाली निर्माण, जनपद गौतमबुद्धनगर में ओ0डी0ओ0पी0 योजनान्तर्गत रेडीमेड गामेन्टस व टैक्सटाईल्स का 0 73794.00 करोड का निर्यात किया गया, नोएडा के सेक्टर-82 से उ0प्र0 परिवहन निगम द्वारा बसें संचालित है।

जनपद में प्रति व्यक्ति आय 672505 रू हुई है। नोयडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर एयरपोर्ट की स्थापना से औद्योगिक अवस्थपना का संरचनात्मक विकास होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढेगें, विनिर्माण एवं निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा तथा हवाई यातायात सुगम होगा साथ ही पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इन्टरनेशनल फिल्म सिटी के निर्माण से निवेश के साथ-साथ बही माषा में स्थानीय रोजगार की वृद्धि होगी।

सांसद ने कहा कि एपेरैल पार्क प्राधिकरण ने कलस्टर आधारित उद्योगो के विकास के लिए प्रभावी कार्यवाही की है। प्राधिकरण के औद्योगिक सेक्टर-29 में 175 एकड़ क्षेत्रफल में ऐपेरल पार्क का नियोजन किया गया है। उक्त पार्क में 150 औद्योगिक ईकाईयों की स्थापना के लिए भूमि का आवंटन किया गया है। इन उद्योगों के स्थापना से प्राधिकरण क्षेत्र में लगभग रू0 1643.85 करोड़ रूपये का निवेश प्राप्त होगा तथा 2.55,363 लोगो का रोजगार की प्राप्ति होगी। एम.एस.एन.ई. विभाग उ0प्र0 शासन के संयोग से माह सितम्बर 2024 में एक्सपोमार्ट ग्रेटर नौएडा में यु.पी. इन्टरनेशनल ट्रेड शो आयोजन किया गया। यू.पी.जी.आ.ई.एस.-2023 उ0प्र0 ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट 2023 में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को रू0 80,000 करोड निवेश का लक्ष्य दिया गया था जिसके सापेक्ष प्राधिकरण द्वारा 165 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित कर 10 188970.18 करोड़ का निवेश प्राप्स किया जो निर्धारित लक्ष्य से 236.21 प्रतिशत अधिक है। चका निवेश से लगभग 4,53,339 रोजगार भी सृजित होगा। जी.बी.सी.-04 में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक प्राधिकरण सापेक्ष 21 एम.ओ.यू. के द्वारा 25227.41 करोड एवं 259 45,148.41 करोड़) का निवेश प्राप्त किया जो लक्ष्य के एम.ओ.यू से लगभग 1,32,663 रोजगार सृजित होगा। द्वारा अपने निर्धारित लक्ष्य 43,750 करोड के Non MOU द्वारा 19921 करोड (कुल निवेश सापेक्ष 103.19 प्रतिशत अधिक है।

सांसद ने बताया कि प्राधिकरण के औद्योगिक लेपटर 28 में 100 एकड़ क्षेत्रफल में डाटा सेंटर पार्क का नियोजन किया गया है। उक्त पार्क में 02 औद्योगिक ईकाईयों की स्थापना के लिए भूमि का आवंटन किया गया है। इन उद्योगो के स्थापना से प्राधिकरण क्षेत्र में लगभग रू0 11557.45 करोड़ रूपये का निवेश प्राप्त होगा तथा 775 लोगो का रोजगार की प्राप्ति होगी।

प्रेसवार्ता में सांसद ने बताया कि नोएडा उत्तर प्रदेश का एक मात्र शहर है जो भारत सरकार द्वारा सुपर स्वच्छ लीग में शामिल किया गया है। इस लीग में भारत के मुख्य 12 शहर शामिल है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCPA) के अन्तर्गत 131 Non- attainment cities के लिए वर्ष 2024 में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में नोएड प्राधिकरण द्वारा 6th स्थान प्राप्त किया गया था। ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क-3 एंव नोएडा के सेक्टर-146 तथा 147 के मध्य हिण्डन नदी पर सेतु एंव पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य हो रहा है। फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य ग्रेटर नोएडा पैदल यात्रियों की सुविधाओं को दुष्टिगत रखते हुए 3 पैकेज के अन्तर्गत कुल 7 नग फुट ओर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रस्तापित किया गया था, जिसमें से 3 नग एफ.ओ.बी. यथा एक मूर्ति में कार्य पूर्ण हो चुका है तथा अवशेष 06 नग कार्य शुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति में है।

इस प्रेसवार्ता को भाजपा नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर द्वारा भी संबोधित किया गया।

इस मौके पर उप्र महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती बिमला बाथम, पूर्व अध्यक्ष जुगराज सिंह, योगेंद्र चौधरी, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, गिरिजा सिंह, चंदगीराम यादव, धर्मेंद्र गुप्ता, संजय बाली, महेश अवाना, पूनम सिंह, डिंपल आनंद, चमन अवाना, सुचित्रा कक्कड़, उमेश यादव, प्रज्ञा पाठक, राम निवास यादव आदि कार्यकर्ता रहे।




**दादरी में आयोजित भाजपा की बैठक एवं प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार द्वारा कराये गये कार्यों की जानकारी देते भाजपा नेता विनोद प्रजापति।**



## खास खबर

### कुख्यात आतंकवादी मेहल सिंह बब्बर की मौत

**कराची।** बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के कुख्यात आतंकवादी मेहल सिंह बब्बर की 24 मार्च को ननकाना साहिब में मौत हो गई। मेहल सिंह 1990 से एक घोषित अपराधी था और 1980 के दशक में अमृतसर, जालंधर और फरीदकोट जिलों में उग्रवाद से संबंधित गतिविधियों के लिए मोस्ट वांटेड था। सिंह ननकाना साहिब के एक निजी अस्पताल में गुर्दे की बीमारी के कारण भर्ती था, जहां उसका इलाज चल रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, मेहल सिंह बब्बर भारतीय वायु सेना का पूर्व अधिकारी था। बब्बर 1980 के दशक में पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहा था और 1990 से भारत में घोषित अपराधी था। अमृतसर, जालंधर और फरीदकोट जिलों में उसके खिलाफ कई मामले दर्ज थे। वह 1990 के दशक की शुरूआत में पाकिस्तान गया था और 2003 में फ्रांस भी गया था। बब्बर खालसा के संस्थापक प्रमुख सुखदेव सिंह बब्बर का भाई था, जिसे 1992 में मुठभेड़ में मार गिराया गया था। सिंह की पत्नी गुरदेव कौर अमृतसर में रहती हैं।

### दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने बेटी का नाम रखा हिंद

**दुबई।** दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने बेटी का नाम हिंद अपनी मां शेखा हिंद बिंत मक्तूम बिन जुमा अल मक्तूम के सम्मान में रखा है। शेख हमदान दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मक्तूम और शेखा हिंद बिंत मक्तूम बिन जुमा अल मक्तूम के दूसरे बेटे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। खास बात है कि उन्होंने अपनी बेटी का नाम हिंद रखने का फैसला किया है। इससे पहले शाही जोड़े के दो बेटे और एक बेटी भी हैं। हमदान साल 2008 से ही दुबई के क्राउन प्रिंस हैं। साथ ही वह संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री भी हैं शेख हमदान सोशल मीडिया पर भी काफी ऐक्टिव रहते हैं। इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या करीब 17 मिलियन है। वह पोस्ट के जरिए अपनी जीवन की झलकियां साझा करते हैं।

### सीएम योगी के विमान में आई तकनीकी खराबी

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विमान में आई तकनीकी खराबी के चलते आगरा में आपात लैंडिंग करवानी पड़ी। इसके चलते लखनऊ रवाना होने में मुख्यमंत्री योगी को दो घंटे का विलंब हो गया। यहां बताते चलें कि सीएम योगी जब राज्य सरकार की आठवीं वर्षगांठ पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद आगरा से लौट रहे थे, तभी विमान में तकनीकी खराबी आ गई। प्रशासन के मुताबिक, खराबी के कारण विमान को तुरंत वापस लौटना पड़ा, लेकिन बाद में तकनीकी जांच के बाद यात्रा फिर से शुरू की गई। पुलिस के आधिकारिक सूत्रों की मानें तो कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद मुख्यमंत्री योगी को दोपहर करीब 3.30 बजे आगरा के खेड़ा हवाई अड्डे से रवाना होना था। विमान उड़ान भी भर चुका था, लेकिन तभी किसी खराबी के चलते विमान थोड़ी देर बाद ही वापस लौट आया। इसके बाद सीएम योगी ने शाम करीब 5.30 बजे खेरिया से अपनी आगे की यात्रा को पुनः शुरू किया।

# विषाक्त भोजन खाने से 4 बच्चों की मौत, 20 से ज्यादा बीमार

एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ में एक सरकारी पुनर्वास केंद्र में विषाक्त भोजन खाने से चार बच्चों की मौत हो गई और कई बीमार हो गए। जानकारी के मुताबिक पुनर्वास केंद्र में रह रहे करीब 20 से ज्यादा बच्चे अचानक बीमार हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मरने वाले बच्चों में दो बालक और दो बालिकाएं शामिल हैं। अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि पुनर्वास केंद्र से करीब 20 बच्चे मंगलवार शाम इस अस्पताल में लाए गए। ये सभी बच्चे मानसिक रूप से कमजोर हैं। सभी प्रयासों के बावजूद चार बच्चों की मौत हो गई। गंभीर रूप से बीमार दो बच्चों को एक दूसरे सरकारी अस्पताल रेफर किया गया है और शेष 16 बच्चों की हालत में सुधार हो रहा है। इस घटना को लेकर लखनऊ के जिलाधिकारी ने एक कमेटी बनाई है और स्वास्थ्य विभाग तथा खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी पीड़ित बच्चों से पूछताछ के लिए अस्पताल पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुनर्वास केंद्र से जांच के लिए खाद्य नमूने लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवीक्षा अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की कि इस केंद्र में 147 बच्चे हैं जिनमें बेसहारा और मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चे शामिल हैं। यहां अनाथ मानसिक रूप से कमजोर बालिकाओं को आश्रय दिया जाता हैं। बच्चों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह पता चलेगी। मामले की विभागीय जांच भी कराई जाएगी।



# राजस्थान के उपमुख्यमंत्री बैरवा को जेल से मिली धमकी

**विपक्ष ने उठाए कानून व्यवस्था पर सवाल**

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को जान से मारने की धमकी मिली है। ये धमकी भरा कॉल जयपुर सेंट्रल जेल से आया। जेल से इस तरह का कॉल आना बेहद गंभीर मुद्दा है। इस घटना के बाद जयपुर पुलिस भी एक्शन में आ गई है। जयपुर पुलिस कमिश्नर का कहना है कि धमकी भरा कॉल आया है। इसके बाद प्रशासन सख्त है और जांच में जुटा है। इस धमकी के बाद प्रदेश में हड़कंप मच गया है। घटना के बाद विपक्ष भी सरकार पर हमलावर है। विपक्ष ने इस धमकी भरे कॉल को लेकर राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि इस मामले पर सरकार को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने इस घटना को लेकर कहा कि उपमुख्यमंत्री को जब धमकी भरा फोन आ सकता है तो इससे राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संदेह पैदा होता है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि जयपुर सेंट्रल जेल से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को जान से मारने की धमकी मिलना चिंताजनक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल के बाद आज उपमुख्यमंत्री को सेंट्रल जेल से धमकी मिलना प्रदेश की वास्तविक कानून व्यवस्था का एक आईना है। प्रदेश में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि को ही जेल से धमकियां मिल रही हैं वो ही सुरक्षित नहीं तो आम जनता का क्या हाल होगा? मुख्यमंत्री मामला बहुत ही गंभीर और चिंताजनक है, प्रदेश में अपराधी बेखौफ हैं।

# अवैध रुप से रह रहे 17 बांग्लादेशी हिरासत में

▸ पुलिस का अभियान जारी

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई के शिवाजी नगर और आरसीएफ थाने की संयुक्त टीम ने मुंबई के गोवंडी और चेंबूर इलाकों में अभियान चलाकर अवैध रूप से रह रहे 17 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। इनमें 5 महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने अवैध घुसपैठियों की तलाश के लिए विशेष टीमों का गठन किया है। हर टीम को एक निश्चित क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है, जहां उन्होंने गहन जांच-पड़ताल कर अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया। जानकारी के मुताबिक मुंबई पुलिस अब अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों पर और कड़ी नजर रखेगी। ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों पर पूरी तरह से शिकंजा कसा जा सके। गिरफ्तार किए गए सभी बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ विदेशी अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब जांच कर रही है कि इनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड तो नहीं है या इन्हें किसी गिरोह द्वारा शरण तो नहीं दी गई थी। इससे पहले 13 मार्च को मुंबई के जोगेश्वरी इलाके से पुलिस ने दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था, उनके पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए और जांच में खुलासा हुआ था कि वे मजदूरी कर अपना कर्ज चुकाने का प्रयास कर रहे थे। मुंबई पुलिस को जानकारी मिली थी कि कुछ बांग्लादेशी नागरिक रोजगार की तलाश में जोगेश्वरी आने वाले हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने नाम सुमन शेख और इमान शेख बताए। वे मीरा रोड इलाके में रहकर दिहाड़ी मजदूरी कर रहे थे।



### इंदौर नगर निगम में 11 करोड़ का घोटाला

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम में एक बड़ा घोटाला हुआ है, बताया गया हैं कि यहां 11 करोड़ का हेरफेर हुआ है। जहां फर्जी बिल लगाकर दूसरे खाते में ट्रांसफर किए गए है। फजीर्वाड़े में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। बताया जा रहा है कि ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर नगर निगम में घोटाले का खुलासा हुआ है, जिसके बाद लोग हैरान रह गए, घोटाला ड्रेनेज विभाग में हुआ है। डीसीपी जोन 3 हंसराज सिंह मीना ने बताया कि ऑडिट रिपोर्ट व आवेदन के आधार पर मेसर्स नीव कंस्ट्रक्शन के संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। साजिद द्वारा ड्रेनेज विभाग में उनकी कंपनी के माध्यम से होने वाले कार्यों के फर्जी बिल लगाए गए।

# यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट को भारत ने किया सिरे से खारिज

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत ने अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) की रिपोर्ट को सख्ती से खारिज कर दिया है। इतना ही नहीं भारत ने इस आयोग को खुद चिंता का विषय घोषित किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में भारत की खुफिया एजेंसी रॉ पर हत्या की साजिशों में कथित भूमिका को लेकर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की गई थी।

विदेश मंत्रालय ने कड़े शब्दों में बयान देकर जोर दिया कि लोकतंत्र और सहिष्णुता के प्रतीक के रूप में भारत की छवि को कमजोर करने के प्रयास सफल नहीं होने वाले है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यूएससीआईआरएफ की नई रिपोर्ट पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित आकलन जारी करने के अपने पैटर्न को जारी करने वाली है। विदेश मंत्रालय के बयान में बताया गया कि यूएससीआईआरएफ द्वारा अलग-अलग घटनाओं को गलत तरीके से प्रस्तुत करने और भारत की वाइब्रेंट मल्टीकल्चरल सोसायटी पर संदेह व्यक्त करने के लगातार प्रयास धार्मिक स्वतंत्रता के लिए वास्तविक चिंता की बजाय एक जानबूझकर किए गए एजेंडे को दिखाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) की 2025 की वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2024 में भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमले और भेदभाव में वृद्धि जारी थी।

# हनीट्रैप रैकेट का खुलासा करने वाला सीक्रेट पत्र, किस विधायक को मिला

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में हनीट्रैप रैकेट का खुलासा एक सीक्रेट पत्र के जरिए हुआ, इस सीक्रेट पत्र ने न केवल कर्नाटक की राजनीति बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी हलचल मचा दी है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी जांच की मांग वाली याचिका को खारिज कर राजनीतिक बकवास करार दिया, लेकिन विधानसभा में उठाए गए मुद्दे ने कई बड़े नामों को शक के घेरे में ला दिया है। करीब 10 दिन पहले बीजेपी विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल के हाथ एक गुप्त पत्र लगा, जिससे विधानसभा में इस कांड का खुलासा हुआ। शुरूआत में सीक्रेट पत्र को कांग्रेस के भीतर सत्ता संघर्ष का हिस्सा माना जा रहा था, लेकिन जब खुद कांग्रेस सरकार के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने दावा किया कि उन्हें भी हनीट्रैप में फंसाने की कोशिश की गई, तब ये मामला और गंभीर हो गया राजन्ना ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि उनके अलावा 48 अन्य विधायकों, नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों को भी हनीट्रैप में फंसाने की कोशिश हुई। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत अश्लील वीडियो बनाए गए, जिससे नेताओं को ब्लैकमेल कर सके। विरोधी दल बीजेपी ने पूरे मामले को कांग्रेस सरकार पर निशाना साधने के मौके के रूप में लिया।

### 70 लाख का सोना जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह कस्टम विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सोने की तस्करी करने वाले एक यात्री को गिरफ्तार किया है। यात्री के साथ तस्करी के मास्टर माइंड को भी गिरफ्तार किया है जो एयरपोर्ट पर सोने की डिलीवरी लेने पहुंचा था। कस्टम टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक सोने की डिलीवरी लेने आया मास्टरमाइंड अजय फगेड़िया सीकर जिले का रहने वाला है। शुरूआती पूछताछ में पता चला है कि वे मजदूर यात्रियों के जरिए सोने की तस्करी करता है और बदले में उन्हें 10 से 20 हजार रुपए देता है।

# तुर्बत में पाकिस्तानी सैन्य बलों पर विद्रोहियों का हमला

### ग्वादर जिले में 5 लोगों की हत्या, चार ट्रकों को किया आग के हवाले

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच अलगाववादी सशस्त्र विद्रोहियों ने बुधवार को सुरक्षाबलों के खिलाफ बड़े हमले किए हैं। प्रांत के कई जिलों में कई हमले हुए हैं। तुर्बत में पाकिस्तानी सैन्य बलों के मुख्य शिविर पर हमला किया गया है। विद्रोहियों ने कई शहरों को जोड़ने वाले रणनीतिक मार्गों पर कब्जा कर लिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सशस्त्र विद्रोहियों ने केच जिले में चीन-पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) राजमार्ग पर कई ट्रकों पर हमला किया और चार ट्रकों को आग के हवाल कर दिया। बलूचिस्तान के ग्वादर जिले में नाकेबंदी के दौरान 5 लोगों की हत्या कर दी गई है। तुर्बत शहर में देर शाम कई विस्फोट और गोलियों की आवाजें सुनाई दीं, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सशस्त्र समूहों के लड़ाके भारी संख्या में देखे गए हैं, जो सड़कों पर गश्त लगा रहे हैं। इसमें कहा गया है कि तुर्बत के साथ ही मंड क्षेत्र में भी पाकिस्तानी सेना के शिविर को निशाना बनाया गया है। स्थानीय लोगों ने घटनास्थल से गोलियों और विस्फोटों की आवाजें सुनी हैं। ये हमले बलूचिस्तान में समन्वित तरीके से किए गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में हथियारबंद लड़ाकों को क्वेटा-करांची राजमार्ग को मस्तंग के पास तीन अलग-अलग क्षेत्रों को ब्लॉक करते दिखाया गया है। अन्य वीडियो में लड़ाके बाइकों पर नजर आए, जो क्षेत्र पर उनके नियंत्रण का प्रतीक है। कथित तौर पर विद्रोहियों और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के बीच झड़प भी हुई है। इसमें कई लोगों के मारे जाने की खबर है, हालांकि अभी इसकी सत्यता की पुष्टि करना बाकी है।



# किम जोंग के हथियारों से घबराया अमेरिका

▸ तबाही मचा सकती एआई तकनीक

एजेंसी

**प्योंगयांग।** दुनिया में अमेरिका किसी से डरता है तो वो है उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग। वजह ये है कि दुनिया के सबसे खतरनाक हथियारों का परीक्षण बिना किसी की परवाह किए लगातार कर रहे हैं। अमेरिका भले ही दूसरे देशों को डराता धमकाता रहे लेकिन किम जोंग की तरफ देखता भी नहीं है। अब इस तानाशाह ने एआई की मदद से एक घातक हथियार बनाया है। उनका इस हथियार की बदौलत तबाही लाने की योजना है। रिपोर्ट के मुताबिक किम जोंग उन ने एआई तकनीक से लैस आत्मघाती ड्रोन बनवाए हैं। उत्तरी कोरिया की एजेंसी के मुताबिक किम ने कहा कि आधुनिक हथियारों के विकास में मानव रहित उपकरण और एआई तकनीक को सबसे ज्यादा महत्व देना चाहिए। उत्तर कोरिया के इस गैरजिम्मेदाराना व्यवहार से दुनिया बौखला गई है। अमेरिका सहित तमाम पश्चिम देश उत्तर कोरिया पर लगाने लगाने के लिए कई तरह के प्रतिबंध लगा चुके हैं। किम जोंग उन ने नए और उन्नत जासूसी ड्रोन का भी निरीक्षण किया। ये ड्रोन जमीन और समुद्र पर दुश्मन के ठिकानों और गतिविधियों का पता लगाने में सक्षम हैं। किम ने कहा कि हमें सेना को आधुनिक बनाने के लिए मानव रहित उपकरणों और एआई को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने यह भी जोर दिया कि सैन्य इस्तेमाल के लिए स्मार्ट ड्रोनों की होड़ में आगे रहने के लिए लंबे समय तक चलने वाला एक मजबूत राष्ट्रीय कार्यक्रम बनाना जरूरी है। राज्य मीडिया ने तस्वीरें जारी कीं, जिनमें एक ड्रोन को टैंक जैसे लक्ष्य पर हमला करते और उसमें विस्फोट करते दिखाया गया।



### भोपाल में खड़ी कार का टोल टैक्स हरियाणा में कटा

**भोपाल ।** टोल नाकों पर लंबी कतारों से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने हाइवे पर फास्टैग को अनिवार्य किया, लेकिन फास्टैग सिस्टम साइबर फ्रॉड और तकनीकी गड़बड़ियों की चपेट में आ गया है। वाहन घर पर खड़े होने के बावजूद टोल टैक्स कट रहा है। इससे फास्टैग सिस्टम की पारदर्शिता और सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल भोपाल निवासी शख्स के साथ ऐसा ही हुआ, उनका वाहन घर पर खड़ा था, लेकिन उनका टोल टैक्स हरियाणा में कट गया। शख्स ने जब बैंक से संपर्क किया, तब कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला, न ही पैसा वापस किया गया।

# वैज्ञानिकों ने की एनाकोंडा की नई प्रजाति की खोज

एजेंसी

**क्वीटो।** वैज्ञानिकों ने विशालकाय एनाकोंडा की एक नई प्रजाति की खोज की है, जिसने शोधकताओं को चौंका दिया है। वैज्ञानिकों ने इक्वाडोर के बैहुआरी वाओरानी क्षेत्र में इस विशाल एनाकोंडा को देखा। यह खोज प्रोफेसर ब्रायन फ्राई के नेतृत्व में की गई, और इसे नेशनल जियोग्राफिक चैनल पर दिखाया जाएगा। नई खोजी गई इस प्रजाति का नाम नॉर्दर्न ग्रीन एनाकोंडा रखा गया है। यह 20 फीट से अधिक लंबा हो सकता है, जो अब तक के ज्ञात एनाकोंडा के आकार को भी पार कर गया है। शोधकताओं की टीम ने जंगल में 10 दिनों तक खोज अभियान चलाया और इस दौरान उन्होंने कई नमूने पकड़े। इनमें से एक 20.7 फीट लंबा था, जबकि स्थानीय वाओरानी समुदाय के अनुसार इस क्षेत्र में कुछ एनाकोंडा 24 फीट से भी अधिक बड़े हो सकते हैं। यदि यह सत्यापित होता है, तो ये दुनिया के सबसे बड़े सांप साबित होंगे। वैज्ञानिकों के लिए यह खोज आसान नहीं थी। उन्हें डोंगी से नदियों के बीच से होते हुए जंगलों की गहराई में प्रवेश करना पड़ा। एनाकोंडा को उथले पानी में शिकार की प्रतीक्षा करते हुए देखा गया। शोधकताओं ने कई नमूनों का अध्ययन किया, जिससे इस नई प्रजाति की विशिष्टता की पुष्टि हुई। यह खोज इस बात का सबूत है कि अमेजन के घने जंगल अब भी अनगिनत रहस्यों को समेटे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि भविष्य में ऐसी ही खोजें हमें प्रकृति के और भी अनदेखे जीवों से परिचित करा सकती हैं।



# बोकारो स्टील सिटी स्टेशन का अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास

▸ 72 स्टेशनों को इस योजना के तहत पुनर्विकास के लिए चुना गया है

एजेंसी

**कोलकाता।** बोकारो स्टील सिटी स्टेशन भारतीय रेलवे के माल परिवहन और यात्री परिवहन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि यह देश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में से एक को सेवाएं प्रदान करता है। इस स्टेशन को भारतीय रेलवे द्वारा अमृत स्टेशन योजना के तहत चयनित किया गया है और इसे एक विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में पुनर्विकसित किया जाएगा। दक्षिण पूर्व रेलवे के पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा राज्यों में इसके चारों मंडलों के तहत कुल 72 स्टेशनों को इस योजना के तहत पुनर्विकास के लिए चुना गया है।

बोकारो स्टील सिटी दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल का एक प्रमुख स्टेशन है। यह बोकारो और इसके आस-पास के क्षेत्र की सेवा करता है, जो खनिज संसाधनों से भरपूर है। यह स्टेशन बड़ी संख्या में यात्रियों को सेवाएं प्रदान करता है और महत्वपूर्ण रेल नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। बोकारो स्टील प्लांट, तापीय विद्युत संयंत्र, सीमेंट कारखाने आदि जैसे बड़े उद्योगों से घिरा हुआ है और यहां एक बड़ा माल लोडिंग यार्ड भी स्थित है।

स्टेशन भवन को एक अद्वितीय और आधुनिक शैली में बनाया जाएगा। स्टेशन प्लाजा में पर्याप्त पार्किंग सुविधाएं और मल्टी-मोडल इंटीग्रेशन के साथ सुगम यातायात प्रवाह सुनिश्चित किया जाएगा। विशाल कॉन्कोर्स के साथ विश्वस्तरीय सुविधाएं और यात्री सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा, जिसमें रिटेल स्पेस, कैफेटेरिया, आरामदायक प्रतीक्षालय, कार्यकारी लाउंज आदि शामिल होंगे। स्टेशन में बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, साइनज और डिजिटल डिस्प्ले सहित यात्रा संबंधित सभी प्रकार की जानकारी उपलब्ध होगी। स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिए फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट और एस्केलेटर होंगे। इसके अतिरिक्त, स्टेशन पर दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, मुफ्त वाई-फाई, अग्निशमन व्यवस्था, और एक स्टेशन एक उत्पाद कियोस्क जैसे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने वाले सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। वर्तमान में, स्टेशन के सामने का विकास कार्य, वीआईपी लाउंज, दो-पहिया और चार-पहिया पार्किंग, कॉन्कोर्स क्षेत्र, प्रवेश और निकासी द्वार, मौजूदा फुट ओवरब्रिज पर स्क्रीन सुरक्षा, परिसंचलन क्षेत्र, निगरानी कक्ष, विद्युत उप-स्टेशन भवन और अन्य बुनियादी ढांचे कार्य पूरा हो चुके हैं। बाकी विकास कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा, जिससे रेल संचालन में न्यूनतम व्यवधान होगा और यात्री अनुभव को बढ़ाया जा सकेगा। बोकारो स्टील सिटी स्टेशन अपनी संरचना में एक बड़े परिवर्तन से गुजरने के लिए तैयार है, ताकि बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया जा सके और यात्रियों के अनुभव और आराम में सुधार किया जा सके।




# जस्टिन ट्रूडो ने अपने ही सांसद को दी भारत से दोस्ती की सजा

एजेंसी

**ओटावा।** कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो की कुर्सी चली गई लेकिन फितरत वही की वही है। भारत से वह तो बेहतर संबंध नहीं रख पाए, मगर कनाडा में जिसने ऐसा किया, उसके पर कतरने में लगे हैं। जी हां, भारत से बेहतर संबंध रखने वाले भारतीय मूल के एक सांसद का जस्टिन ट्रूडो की पार्टी ने टिकट काट दिया है। कनाडा की लिबरल पार्टी ने भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य को पार्टी लीडरशिप के लिए चुनाव लड़ने और उनके ओटावा नेपियन क्षेत्र से दोबारा चुनाव लड़ने के लिए नॉमिनेशन देने से रोक दिया है।

ट्रूडो की पार्टी का यह फैसला इसलिए भी हैरानी भरा है, क्योंकि सांसद चंद्र आर्य का भारत से कनेक्शन है। वह भारतीय मूल के हैं। वह भारत से बेहतर संबंध रखने की वकालत करते रहे हैं। जब भारत और कनाडा के रिश्तों में तल्खी है, तब भी वह भारत से बेहतर संबंध की बात करते रहे हैं। कनाडाई सांसद ने एक्स पर मोदी के साथ अपनी तस्वीरें भी शेयर की थीं। चंद्र आर्य का जुड़ाव भारत के कर्नाटक से है। उनका जन्म कर्नाटक के तुमकुर जिले के द्वारलू गांव में हुआ। उन्होंने धारवाड़ के कर्नाटक विश्वविद्यालय से एमबीए किया।



## खास खबर

### प्रशंसक के मैदान में ओन से ट्रोल हुए पराग

**गुवाहाटी।** आईपीएल में यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ हुए मैच में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर रहे रियान पराग का एक प्रशंसक उन्हें देखने के लिए सुरक्षा घेरा तोड़कर करीब पहुंचा गया। इस व्यक्ति को किसी प्रकार सुरक्षाकर्मियों ने पकड़कर बाहर किया। इस प्रशंसक ने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग के पैर छुए थे। यह घटना केकेआर की पारी के दौरान जब हुई तब पराग गेंदबाजी कर रहे थे। ये प्रशंसक पराग तक पहुंचा, उनके पैर छुए और गले लगाया। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उसे मैदान से बाहर कर दिया। गुवाहाटी रियान का घरेलू मैदान भी है क्योंकि वह असम के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। प्रशंसक के मैदान पर घुसकर पैर छूने को लेकर पराग ट्रोल होने लगे। उनका मजाक उड़ाते हुए सोशल मीडिया पर कई मीम्स भी आये हैं जिसमें कहा गया है कि रिराग ने इस व्यक्ति को पैसे दिये होंगे ताकि वह सुरक्षा घेरा तोड़कर उनके पास पहुंचे। उस व्यक्ति ने भी मैदान पर पहुंचकर पराग के प्रति आभार ही जताया होगा।

### श्याम लाल कॉलेज की वार्षिक खेल मीट आयोजन आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित श्याम लाल कॉलेज शुक्रवार को कॉलेज ग्राउंड में अपनी 'वार्षिक खेल मीट 2024-25' का आयोजन करेगा। कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. रबी नारायण कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। वह मीट का उद्घाटन करेंगे और एथलीटों को पदक भी देंगे जो पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहेंगे। खेल समिति के संयोजक वीएस जग्गी के अनुसार, वार्षिक खेल मीट 2024-25 में छात्रों के साथ-साथ शिक्षक और कॉलेज के गैर-शिक्षण स्टाफ भी भाग लेंगे। इस दौरान लड़कियों के वर्ग में छात्रों के लिए 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर में दौड़ आयोजित की जाएगी। लड़कों के वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर में दौड़ आयोजित की जाएगी। शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ के लिए कार्यक्रमों को 45 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक के दो आयु समूहों में आयोजित किया जाएगा।

### भारतीय क्रिकेटरों से प्रभावित हैं स्टोइनिस

**नई दिल्ली।** आईपीएल में पंजाब किंग्स की तरफ से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने भारत के युवा क्रिकेटरों की जमकर प्रशंसा की है। स्टोइनिस ने कहा कि जिस प्रकार से भारतीय युवा खिलाड़ी निडर होकर खेल रहे हैं वह सराहनीय है। स्टोइनिस के अनुसार इसी कारण भारतीय टीम को टी20 प्रारुप से रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के एकसाथ संन्यास लेने से भी कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इनकी जिम्मेदारी बाद तिलक वर्मा , अभिषेक शर्मा और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों ने अच्छी तरह से संभाल ली है। वह पंजाब किंग्स के युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्य की पारी से भी प्रभावित नजर आये। स्टोइनिस ने कहा, ह्यभारतीय क्रिकेट में काफी गहराई है। वह हमेशा से रही है। और मेरा मानना है कि आईपीएल से उनके खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपने कौशल का नमूना पेश करने का अवसर मिल रहा है।

# आरसीबी और सीएसके के बीच मुकाबला आज

एजेंसी

**चेन्नई** । आईपीएल में शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। इस मैच में सीएसके जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। इसका कारण है कि वह अपने घरेलू मैदान पर खेल रही है जिसका लाभ उसे मिलेगा। इसके अलावा टीम का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। उसने शुरूआती मैच में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ अच्छी जीत दर्ज की थी। वहीं आरसीबी की टीम इस मैदान में अब तक केवल एक बार ही जीती है। वह भी 17 साल पहले साल 2008 में। इसके बाद से ही आरसीबी को यहां एक भी जीत नहीं मिली है। ऐसे में आरसीबी का लक्ष्य इस बार किसी भी हाल में जीतना रहेगा। साल 2008 सत्र में जब आसीबी को जीत मिली थी। उस टीम से अब केवल विराट कोहली ही एकमात्र खिलाड़ी हैं जो वर्तमान टीम में हैं। ऐस में आरसीबी का लक्ष्य इस मैच को जीतना रहेगा हालांकि ये उसके लिए आसान नहीं होगा क्योंकि सीएसके की टीम के स्पिनरों का सामना करना उसे लिए आसान नहीं होगा। इस मैदान पर पिच स्पिनरों की सहायक रही है। सीएसके टीम के पास रविंद्र जडेजा आर अश्विन जैसे अनुभवी स्पिनर हैं। इसके अलावा अफगानिस्तान के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को भी टीम में उसने शामिल किया है। इन गेंदबाजों ने कुछ दिन पहले ही पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। इसको देखते हुए आरसीबी के लिए रन बनाना आसान नहीं होगा। आरसीबी के बल्लेबाजों को सीएसके के स्पिनरों के खिलाफ पूरी तरह से आक्रामक होने के लिए काफी ध्यान से खेलना होगा। इस मामले में विराट को बल्लेबाजी की कमान संभालनी होगी। स्पिन का सामना करना हालांकि उनका मजबूत पक्ष नहीं रहा है लेकिन पिछले दो वर्षों में उन्होंने इस विभाग में काफी सुधार दिखाया है। इस बदलाव का मुख्य कारण स्पिनरों के खिलाफ अधिक स्वीप और स्लॉग स्वीप खेलने की उनकी इच्छा है और कोहली को इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। कोहली का इसमें फिल सॉल्ट, कप्तान रजत पाटीदार, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को साथ देना होगा।



# हिंदी कमेंट्री की गुणवत्ता को बेहतर बनाएंगे : हरभजन

एजेंसी

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर रहे हरभजन सिंह आजकल कमेंट्री के क्षेत्र में सक्रिय है। हरभजन आईपीएल में कमेंट्री कर रहे हैं। इसी दौरान हरभजन ने हिंदी कमेंट्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाने वाले एक प्रशंसक को भी जवाब दिया है। इससे पहले इस प्रशंसक ने सोशल मीडिया में कहा था कि पहले हिंदी कमेंट्री काफी अच्छी थी पर आजकल ऐसा नहीं रहा है। इसमें जानकारी कम और व्यंगात्मक टिप्पणियां अधिक होती हैं।

इसी को लेकर हरभजन ने इस प्रशंसक को दिये जवाब में कहा कि इसमें सुधार किया जाएगा। इस पूर्व भारतीय स्पिनर ने सोशल मीडिया में लिखा, जानकारी के लिए धन्यवाद। हम इस सुझाव पर काम करेंगे। गौरतलब है कि आईपीएल में हरभजन सिंह के अलावा वीरेंद्र सहवाग, नवजोत सिंह सिद्धू, शिखर धवन, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा के आलावा आकाश चोपड़ा सहित कई अन्य पूर्व क्रिकेटर हिंदी कमेंट्री पैनल में शामिल हैं।



# अनाहत सिंह, जोशना चिनप्पा और अभय सिंह सेमीफाइनल में

एजेंसी

**मुंबई।** बॉम्बे जिमखाना में बुधवार को हुए रोमांचक मुकाबलों में अनाहत सिंह, जोशना चिनप्पा और अभय सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यह भारत का पहला पीएसए कॉपर टूर्नामेंट है और इसमें एक अनोखा मोड़ देखने को मिला जब मुकाबले बॉम्बे जिमखाना के लॉन पर बने आउटडोर ग्लास कोर्ट में खेले गए। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले भी इसी कोर्ट पर खेले जाएंगे। भारत की नंबर 1 स्क्वैश खिलाड़ी और जेएसडब्ल्यू की समर्थित अनाहत सिंह को जब वह अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए कोर्ट में उतरीं तो दर्शकों की जोरदार चीयरिंग सुनाई दी। उनका मुकाबला मिस्त्र की नादिन एल्हम्मामी से था। अनाहत ने बेहतरीन शुरूआत की और पहले गेम में पूरी तरह हावी रहीं। लेकिन एल्हम्मामी ने जोरदार वापसी की और दूसरा गेम टाई-ब्रेक तक ले जाकर जीत लिया। इसके बाद उन्होंने तीसरा गेम भी जीतकर मुकाबले में 2-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, घरेलू दर्शकों के समर्थन से अनाहत ने चौथा गेम जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन 17 वर्षीय अनाहत ने दबाव में शानदार खेल दिखाया और रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोशना चिनप्पा का मुकाबला शाम के सत्र में शीर्ष वरीयता प्राप्त अकांक्षा सालुंखे से हुआ। दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के खेल को अच्छे से समझते हुए जोरदार टक्कर दी। चिनप्पा ने पहले दो गेम बेहद करीबी अंतर से जीते, लेकिन सालुंखे ने शानदार वापसी करते हुए दो गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। 56 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में अंततः चिनप्पा ने 3-2 (12-10, 13-11, 9-11, 9-11, 11-5) से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली।




# मैं बल्लेबाज की तरह सोचता हूं यही मेरी ताकत है: मोईन अली

एजेंसी

**गुवाहाटी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर मोईन अली ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन से टीम को पहली जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 2 विकेट लेकर 23 रन दिए और खासकर नितीश राणा को क्लासिक ऑफ-स्पिन गेंद से बोल्ड कर सबका ध्यान खींचा। पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोईन अली ने अपनी गेंदबाजी की रणनीति पर बात करते हुए कहा, मैं हमेशा बल्लेबाज की तरह सोचता हूं, यही मेरी ताकत है। इससे मुझे यह समझने में मदद मिलती है कि सामने वाला बल्लेबाज क्या करने की कोशिश कर रहा है। केकेआर को अपने प्रमुख स्पिनर और पिछले सीजन के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी सुनील नारायण की गैरमौजूदगी में एक असरदार गेंदबाज की जरूरत थी। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मोईन अली पर भरोसा जताया और उन्होंने अपने फ्रेंचाइजी डेब्यू मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 विकेट लेकर 23 रन दिए।वरुण चक्रवर्ती (2/17) की किफायती गेंदबाजी के साथ, मोईन अली ने भी शानदार स्पिन आक्रमण किया और राजस्थान रॉयल्स को गुवाहाटी में 151/9 के स्कोर पर रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## श्रेयस ने शॉर्ट पिच गेंदों को बेहतर तरीके से खेलना सीखा : केन विलियमसन

एजेंसी

**अहमदाबाद** । न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन ने भारतीय टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसने अपने खेल में काफी सुधार किया है। विलियमसन ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेली 97 रनों की पारी के लिए भी श्रेयस को सराहा। साथ ही कहा कि मध्यक्रम के इस बल्लेबाज ने शॉर्ट पिच गेंदों को खेलने जैसी चुनौतियों से भी बेहतर तरीके निपटना सीख लिया है। अय्यर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 42 गेंदों पर नौ छक्कों और पांच चौके लगाये थे। विलियमसन ने कहा, ह्यश्रेयस के लिए सबसे अधिक लाभप्रद ये रहा कि उसने अपने खेल में लगातार सुधार किया है। एक समय पर उन्हें गेंदबाज शॉर्ट पिच गेंदों से अपने शिकार बना लेते थे पर अब उसने अपनी ये कमजोरी दूर कर ली है। उसने इस बार शॉर्ट पिच गेंदों का बड़ी अच्छी तरह से सामना किया है। उन्होंने कहा, ह्यउसकी सबसे बड़ी विशेषता आगे के पांव में तेजी से वजन डालना है जिससे उन गेंदबाजों के लिए मुश्किल बढ़ जाती है जो उन्हें कभी शॉर्ट और फिर फुल लेंथ गेंद से परेशान करते थे। अब वह मैदान के हर क्षेत्र में शॉट लगा रहा है, जिससे वह एक संपूर्ण बल्लेबाज के तौर पर सामने आया है।



## मीनाक्षी और अनामिका फाइनल में पहुंची

**ग्रेटर नोएडा** । गत विजेता मीनाक्षी और अनामिका हुड्डा 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गयी हैं। 48 किग्रा वजन वर्ग में मीनाक्षी ने दिल्ली की संजना को तीसरे दौर में हरारक हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं 51 किलो वजन वर्ग में अनामिका ने तमिलनाडु की कलैवानी एस को हराया। मीनाक्षी का सामना अब सिक्किम की यासिका राय से होगी जबकि अनामिका की भिड़ंत हरियाणा की तमन्ना से होगी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप 20 से 27 मार्च, 2025 तक उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हो रही है। इस टूर्नामेंट में 24 राज्य इकाइयों के 180 मुक्केबाज दस भार श्रेणियों में भाग ले रहे हैं। इसमें विश्व मुक्केबाजी के नियमों के तहत ही एक मिनट के ब्रेक के साथ तीन-तीन मिनट के राउंड शामिल हैं।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की टीमें छत्तीसगढ़ रवाना

एजेंसी

**रांची** । 32वीं सब जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल एवं 22वीं फेडरेशन कप थ्रोबॉल प्रतियोगिता, जो कि 28 से 30 मार्च 2025 तक गुरुनानक हाइयर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-06, भिलाई, छत्तीसगढ़ में आयोजित होने जा रही है, उसमें भाग लेने के लिए झारखंड की सब जूनियर (बालक एवं बालिका) तथा फेडरेशन कप के लिए क्वालीफाई करने वाली सीनियर महिला टीम आज टाटानगर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई।

टीम को रवाना करते हुए झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के संयुक्त सचिव श्री राजेश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि खिलाड़ी पूरे जोश और उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लें और राज्य का नाम रोशन करें। संघ के सचिव श्री नगीना कुमार ने कहा कि झारखंड टीम से इस वर्ष भी पदक जीतने की पूरी उम्मीद है। उन्होंने विश्वास जताया कि खिलाड़ी अपने खेल कौशल और मेहनत से पदक जीतकर झारखंड लौटेंगे। इस अवसर पर झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के पदाधिकारी एवं खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के डॉ. राजेश गुप्ता, नगीना कुमार, सौरभ कुमार, देवव्रत कुमार, विजेता वर्मा, नीतीश सिंह, नीरज वर्मा, रणधीर प्रसाद, आशीष कुमार, अरुणा यादव, सुमित कुमार, अजित जयसवाल, अंशुमन राज, अभिषेक शुक्ला, अंशुतोष कुमार, अभिषेक कुमार आदि ने खिलाड़ियों के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु बधाई दी है।

झारखंड थ्रोबॉल संघ ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर झारखंड के लिए पदक लेकर लौटेंगे।



# वुशु प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

एजेंसी

**बिलासपुर।** बिलासपुर, छत्तीसगढ़ मे आयोजित फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता में झारखण्ड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये 9 गोल्ड, 18 सिल्वर, 11 ब्रोंज कुल28 मेडल जीत लिए. इस प्रतियोगिता मे भारत के विभिन्न राज्यों के तकरीबन 700 चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया था. प्रतियोगिता मे झारखण्ड के 33 सदस्यों वाले दल ने भाग लिया है, आज इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर प? विधायक सुशांत शुक्ला ने सभी खिलाड़ियों को पदक प्रदान किये। झारखण्ड के खिलाड़ियों की इस सफलता पर झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप वर्मा (राज्य सभा सांसद )सहित डॉ कविता सिंह, मिथलेश साहू, डॉ अंशु साहू,चंचल भट्टाचार्य, कुमुद प्रसाद साहू,उदय साहू, प्रियदर्शी अमर,शैलेन्द्र कुमार, डॉ उदीप लाल,मनोज कुमार महतो, मनोज साहू, शशिकांत पांडे, रजि अहमद, गोकुलनंद मिश्रा, वाहिद अली, आजाद पाठक, शैलेन्द्र दुबे, रत्नेश कुमार, दीपक गोप, आशीष गोप, अमासी बारला, संजय मंडल, कार्तिक राम, दिनेश यादव, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, प्रतिमा कुमारी, बिमला टोप्पो, सुशांति तोपनो, काजल किरण, मृतुन्जय कुमार राय, शिवेंद्र दुबे आदि ने बधाईया दी है।



# राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता में झारखंड के बालक और बालिका दोनो वर्ग में दिखा दबदबा

एजेंसी

**रांची।** राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र वुडबॉल संघ के द्वारा किया गया जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने नागपुर महाराष्ट्र आए। प्रतियोगिता के लिए झारखंड राज्य से भी बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ी महाराष्ट्र आए। महाराष्ट्र में आते ही मैच के शुरू दिन से अंतिम दिन तक झारखंड का दबदबा देखने को मिला । बालक वर्ग में स्ट्रोक टीम इवेंट में विजेता बनकर गोल्ड मेडल पर अपना दावेदारी साबित किए साथ ही झारखंड के नाम को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का काल किया वही बालिका वर्ग में स्ट्रोक इवेंट में तृतीय स्थान पर काश्य पदक पर अपनी जोरदार दावेदारी साबित कर पूरे राज्य का नाम रोशन किया ।




# एशेज सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से हट जाएगा गाबा मैदान


एजेंसी

**ब्रिस्बेन** । ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन स्टेडियम में अब प्रशंसकों को क्रिकेट मुकाबले देखने को नहीं मिलेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एशेज सीरीज के बाद यह मैदान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले लेगा। इस मैदान पर दशकों से क्रिकेट और ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग (एएफएल) मुकाबले होते रहे हैं। को 2032 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के बाद ध्वस्त कर दिया जाएगा। गाबा स्टेडियम को क्रिकेट और फुटबॉल का गढ़ माना जाता है पर अब क्वींसलैंड सरकार ने इस ऐतिहासिक मैदान की जगह विक्टोरिया पार्क में एक नया, अत्याधुनिक स्टेडियम बनाने की घोषणा की है। यह स्टेडियम करीब 63,000 दर्शकों की क्षमता वाला होगा और भविष्य में बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए उपयोग में लाया जाएगा। गाबा स्टेडियम को क्रिकेट की दुनिया में ऑस्ट्रेलिया का एक ऐसा मैदान माना जाता है जहां उसे हमेशा ही जीत मिलती रही है हालांकि साल 2021 में भारतीय क्रिकेट टीम ने इस मैदान पर जीतक मेजबान टीम का अजेय वाला रिकार्ड तोड़ दिया था। भारतीय टीम ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया को साल 1988 के बाद पहली बार इस मैदान पर पराजित किया था। गाबा स्टेडियम लंबे समय से पुरानी संरचना और सीमित सुविधाओं के कारण निशाने पर बना हुआ था। इसे मैदान के पुनर्निर्माण की पहले योजना थी पर भारी भरकम खर्च को देखते हुए रद्द कर दिया गया। लोग इस स्टेडियम के भी भारी रकम खर्च करने के खिलाफ थे जिसे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया दबाव में था। वहीं सरकार ने अब तय किया है कि गाबा की जगह एक नया अत्याधुनिक स्टेडियम बनाया जाएगा, जो आधुनिक खेल सुविधाओं से परिपूर्ण होगा और इससे क्वींसलैंड के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिलेंगे।

नए स्टेडियम के निर्माण में लगभग 3.8 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की लागत आएगी। इसे क्रिकेट, एएफलएल फुटबॉल और अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाएगा। क्वींसलैंड के प्रीमियर डेविड क्रिसफुली ने इस परियोजना की घोषणा करते हुए कहा कि यह नया स्टेडियम क्रिकेट और अन्य खेलों के लिए एक शानदार मंच बनेगा। इस मैदान पर भविष्य में आईसीसी टूर्नामेंट, बिग बैश लीग और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

गाबा स्टेडियम का क्रिकेट इतिहास बेहद समृद्ध रहा है। यहां 1931 में पहला टेस्ट मैच खेला गया था और तब से लेकर अब तक इस मैदान पर कुल 67 पुरुषों के टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं। महिला क्रिकेट में भी गाबा ने अपनी जगह बनाई और यहां दो महिला टेस्ट मैच भी आयोजित किए गए।




जोर्डन में एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भारत के नीतेश ने कांस्य पदक जीता।



# अवनीत कौर ने प्लास्टिक सर्जरी कराने की खबरों को नकारा

**टेलीविजन से अपना करियर शुरू करने वाली अभिनेत्री अवनीत कौर ने बॉलीवुड तक का सफर तय किया है। अवनीत सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में अवनीत एक बार फिर सुर्खियों में तब आ गईं जब उनको लेकर ये कहा जाने लगा कि अवनीत ने प्लास्टिक सर्जरी कराई है। ये चर्चाएं काफी तेजी से फैल रही हैं। अब इन चर्चाओं पर अवनीत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है और इन्हें अफवाह बताया है।**

अवनीत ने उनको लेकर हो रही चर्चाओं और उनके शारीरिक बनावट में बदलाव को लेकर बात करते हुए कहा, मुझे लगता है कि मैं कैमरे के सामने बड़ी हो गई हूं। कभी-कभी मुझे अभी भी बहुत अजीब लगता है जब लोग कहते हैं कि उसने अपने चेहरे पर बहुत कुछ करवाया या वो बहुत बदल गई है और बिल्कुल अलग दिखती है। जब आपने मुझे देखा था तो मैं सिर्फ 7 या 8 साल की सचमुच एक बच्ची थी। तब से अब में वाकई बहुत बदलाव आया है। अब मैं 23 साल की हूं, तो बदलाव आना स्वाभाविक है। उम्र के साथ आप बड़े होते हैं और आपकी शारीरिक बनावट बदल जाती है।

## मैं फिलर्स नहीं करवाती हूं

अभिनेत्री ने उनके प्लास्टिक सर्जरी कराने की अफवाहों का खंडन किया और अपनी खूबसूरती के रहस्य के बारे में भी बताते हुए कहा, मैं फिलर्स नहीं करवाती, लेकिन मैं फेशियल करवाती हूं और अपनी स्किन का बहुत ध्यान भी रखती हूं। मैं अपनी त्वचा को कसने और उसमें निखार लाने के लिए सबकुछ करती हूं। मैंने अपने शारीरिक बनावट को बदलने के लिए कुछ नहीं किया है, जैसे नाक की सर्जरी या कुछ भी। मेरे फीचर्स काफी अच्छे हैं।

## डांस रियलटी शो से की करियर की शुरूआत

अवनीत ने 2010 में एक डांस शो 'डांस इंडिया डांस, लिटिल मास्टर्स' में भाग के लेकर अपने करियर की शुरूआत की थी। बाद में 2012 में 'मेरी मां' शो से उन्होंने अपने एक्टिंग करियर का आगाज किया। इसके बाद वो कई टीवी सीरियल्स में दिखाई दीं। उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी' से किया। इसके बाद अवनीत 2023 में आई फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' में अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ पहली बार प्रमुख भूमिका में नजर आईं।



# शबाना आजमी के जैसा बनना चाहती हैं शालिनी पांडे

साउथ से लेकर बॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आ चुकीं अभिनेत्री शालिनी पांडे ने हाल ही में आई नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' की अपनी सह कलाकार व दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी की तारीफ की है और उन्हें अपना मार्गदर्शक बताया है। साथ ही शालिनी ने शबाना आजमी के साथ काम करने के अपने अनुभवों को भी साझा किया है।


## खुद को भाग्यशाली मानती हैं शालिनी

शालिनी पांडे ने शबाना आजमी की तारीफ करते हुए कहा, मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मै उन्हें (शबाना आजमी) एक इंसान के रूप में करीब से जान पाई हूं। अगर मुझे जीवन में आगे बढ़ना है, तो मैं खुद को उनके जैसा ही बनाना चाहती हूं। मैं उन्हें अपना मार्गदर्शक मानती हूं। उनसे सेट पर काफी कुछ सीखने को मिला। आगे शबाना आजमी की तारीफ करते हुए अभिनेत्री शालिनी ने डब्बा कार्टेल में उनके साथ काम करने के अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, मेरी पसंदीदा सह-कलाकार शबाना आजमी ही हैं। मुझे उनके साथ काम करके बहुत मजा आया, वह बहुत प्यारी हैं। मैंने उनके साथ सेट पर काफी मस्ती भी की।



## डब्बा कार्टेल में बनीं थी शबाना आजमी की बहू

वर्कफ्रंट की बात करें तो शालिनी पांडे आखिरी बार इसी साल आई नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। ड्रग माफियाओं की कहानी को दिखाती इस सीरीज में शालिनी ने राजी नाम की महिला का किरदार निभाया था, जो शबाना आजमी की बहू बनी हुई है। इस सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से काफी सराहा गया था। अब शालिनी पांडे प्राइम वीडियो की फिल्म 'बैंड वाले' में नजर आएंगी। इसमें उनके साथ जहान कपूर और स्वानंद किरकिरे भी दिखाई देंगे। इसके अलावा शालिनी धनुष के साथ एक फिल्म में भी नजर आएंगी।




# जलियावाला बाग पर बेस्ड है केसरी चैप्टर 2

केसरी चैप्टर 2 का रोंगटे खड़े कर देने वाला टीजर सामने आ गया है। अक्षय कुमार की ये फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड की अनसुनी कहानी पर बेस्ड है। इसके टीजर की शुरुआत कुछ डायलॉग्स से होती है। गोलियों की आवाज, चीखें और बढ़ता तनाव एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दर्शकों को आगे के सीन के लिए एक्साइट करते हैं। इसके बाद अमृतसर के गोल्डन टेंपल की झलक दिखाई जाती है जहां अक्षय मत्था टेकते नजर आते हैं। इसके बाद वे वकील के रूप में कोर्ट में दिखाई देते हैं। अक्षय इशमें सर सी. शंकरन नायर का रोल निभाएंगे, जो एक निडर वकील हैं। उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद ब्रिटिश साम्राज्य से लोहा लेने की हिम्मत की थी। टीजर में एक डायलॉग भी है- आज तक क्राउन से कोई नहीं जीता है। मत भूलो कि तुम अभी भी ब्रिटिश सरकार के गुलाम हो। यह फिल्म पुष्पा पलात और रघु पलात की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर बेस्ड है। करण सिंह त्यागी के डायरेक्शन और धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी ये फिल्म 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# ढाई साल से फिल्मों से दूर आमिर खान ने शुरू किया यूट्यूब चैनल

आमिर खान काफी दिनों से फिल्मों से दूर हैं। साल 2022 में उनकी फिल्म लाल सिंह चड्ढा आई थी। इसके बाद उनकी कोई फिल्म नहीं आई है। अब उन्होंने एक बड़ा एलान किया है। वह अपना एक यूट्यूब चैनल लेकर आने वाले हैं। वह यह यूट्यूब चैनल क्यों लाने वाले हैं और इसके पीछे का क्या मकसद है?

आमिर खान टॉकीज नाम के यूट्यूब चैनल ने यूट्यूब पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में आमिर खान ने बताया है कि उन्होंने एक यूट्यूब चैनल लॉन्च किया है। इस चैनल का नाम आमिर खान टॉकीज है। इस चैनल पर वह अपने करियर के बारे में बताएंगे। आमिर के मुताबिक वह हमेशा से चाहते थे कि वह एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाएं जहां पर वह अपनी कहानी लोगों को बता सकें। अब ये प्लेटफॉर्म बन कर तैयार हो गया है।

## आमिर के चैनल में क्या होगा?

आमिर खान ने वीडियो में बताया है कि इस चैनल पर निर्देशकों के विचार होंगे। पिछले सालों में हमारी फिल्मों के साथ जो लोग जुड़े हैं उनकी क्या सोच है। एक्टर्स की बात सुनेंगे। टेक्नीशियन की बात सुनेंगे। लेखकों की बात सुनेंगे। कुछ चीजें मैं भी आपसे शेयर करूंगा। फिल्मों के सीन देखने को मिलेंगे। फिल्म बनाने के पीछे जो कहानियां होती हैं वो आप सुन पाएंगे। मेरे जहन में ये बात थी कि मैं जो कहना चाहता हूं वह मैं सीधे अपने दर्शकों के साथ कह पाऊं, बीच में और कोई न हो। इससे मुझे भी आपकी आवाज सुनने का मौका मिलेगा। आमिर खान प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है सिनेमा। कहानियां। अनफिल्टर्ड पल। हमने ऐसी कहानियां बनाई हैं जिन्होंने आपको सालों तक हंसाया, रुलाया और सोचने पर मजबूर किया। अब, हम आमिर खान टॉकीज के साथ सिनेमा की दुनिया में आपका स्वागत कर रहे हैं।



# छावा, सिकंदर के बाद द गर्लफ्रेंड पर बोलीं रश्मिका

रश्मिका मंदाना की पिछली तीन फिल्मों ने 500 करोड़ से अधिक की कमाई की। आगे वह सिंकदर और द गर्लफ्रेंड में भी दिखेंगी।

**अपने किरदारों से संतुष्ट हैं या अभी और कुछ पाने की इच्छा बाकी है?**

मैं कभी संतुष्ट नहीं होती। मुझे लगता है कि यह हम एक्टर्स के लिए सामान्य बात है, क्योंकि हम जो भी हासिल करते हैं, उससे आगे और बेहतर करने की चाह हमेशा रहती है। जैसे मैंने पुष्पा की और अब मैं सोचती हूं कि इससे बेहतर प्रदर्शन कैसे कर सकती हूं। मेरे लिए सबसे बड़ी बात यह है कि मैं खुद अपनी कॉम्पिटिटर हूं। मुझे पसंद नहीं कि कोई मुझसे तुलना करे या कहे कि किसी और ने मुझसे बेहतर किया।

**करियर के शुरुआती दिनों के संघर्ष के बारे में बताएंगी?**

ओह, वो वक्त... सच कहूं तो बहुत दर्दनाक था। ऐसा लगता था जैसे मैं पूरी ताकत से दौड़ रही हूं लेकिन मंजिल कहीं दिख ही नहीं रही। हर दिन ऐसा महसूस होता था कि बस अब और नहीं कर सकती। एक तरफ डबल शिफ्ट्स और दूसरी तरफ डायलॉग कोचिंग। कभी-कभी समझ ही नहीं आता था कि मैं यह सब क्यों कर रही हूं। उस दौर में बस एक ही बात मुझे आगे बढ़ाती थी कि एक दिन सब कुछ बदल जाएगा। आज सोचती हूं कि वो संघर्ष नहीं होता, तो शायद मैं यहां नहीं होती। अब जब तारीफ होती है तो लगता है कि इतनी मेहनत बेकार नहीं गई।

**छावा के किरदार में ढलने के लिए क्या रिसर्च की थी?**

छावा के लिए मेरी तैयारी किसी महारानी की तरह ही शाही रही थी। लक्ष्मण उतेकर सर से कहा, जो आप कहेंगे, मैं करूंगी। हालांकि सबसे बड़ी चुनौती लैंग्वेज थी। हिंदी मेरी मातृभाषा नहीं है लेकिन ऑडियंस के लिए इसे सीखना मेरा फर्ज था। संवादों के लिए मैंने हर दिन 3-4 घंटे मेहनत की। यह सिलसिला पांच महीनों तक चला। मेरे लिए यह सिर्फ किरदार निभाने की बात नहीं थी, बल्कि उस किरदार की आत्मा को जीने की कोशिश थी।

## द गर्लफ्रेंड के बारे में कुछ शेयर करेंगी?

द गर्लफ्रेंड के बारे में... बहुत कुछ एक्साइटिंग है। मुझे लगता है कि यह एक अनोखी कहानी है। यह एक कॉन्सेप्ट है जो आज के समय की बात करता है। यह फिल्म मेरे करियर में एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है क्योंकि यह मेरी पहली सोलो फिल्म है। मैं इसे अपनी बेबी फिल्म मानती हूं और इसके लिए पूरी टीम ने बहुत मेहनत की है। कहानी को परदे पर लाने के लिए हमारी कड़ी मेहनत और जुनून साफ दिखाई देगा। मुझे यकीन है कि यह ऑडियंस को प्रभावित करेगी। यह सिर्फ एक कहानी नहीं है, बल्कि यह मेरी एक और चुनौतीपूर्ण जर्नी होगी।





# अभिषेक बच्चन को अपना सबसे अच्छा को-स्टार मानते हैं जॉन

**अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'द डिप्लोमेट' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच जॉन अब्राहम ने बॉलीवुड के स्टारकिड्स के साथ अपने रिश्तों पर बात की और बताया कि उन्होंने कई स्टारकिड्स के साथ पढ़ाई भी की है।**

## अभिषेक बहुत अच्छे इंसान हैं

जूम के साथ हालिया बातचीत में जॉन अब्राहम ने कहा, मुझे इंडस्ट्री के लोग बहुत पसंद हैं। अभिषेक बच्चन मेरे सबसे अच्छे सह कलाकारों में से एक हैं। पूरी ईमानदारी से कहूं तो वो वाकई बहुत अच्छे इंसान हैं, जिनके साथ मुझे काम करने का मौका मिला। ऋतिक रोशन को मैं स्कूल के समय से जानता हूं। वो मेरे क्लासमेट थे और सबसे अच्छे लड़कों में से एक थे। उदय चोपड़ा भी मेरे क्लासमेट रहे हैं।




## रणबीर कपूर थे जॉन के जूनियर

जॉन ने आगे कहा, मेरे स्कूल के कई लोग आजकल इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। रणबीर कपूर मेरे जूनियर थे और आदित्य चोपड़ा मेरे सीनियर हुआ करते थे। जबकि आमिर खान मेरे सुपर सीनियर थे। हम सब एक ही स्कूल से हैं। उनसे मिलना और सीखना काफी अच्छा रहता है। इंडस्ट्री के लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है इंडस्ट्री के लोगों की तारीफ करते हुए अभिनेता ने कहा, इंडस्ट्री से जुड़े लोगों में एक सहजता और आत्मविश्वास होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि वो इस बिजनेस को काफी अच्छे से समझते हैं। उनका रवैया बहुत बढ़िया रहता है। वो लोग यहां के लोगों और जगहों को काफी अच्छे से जानते हैं। मैं इन लोगों से बहुत कुछ सीखता रहता हूं।

## बॉक्स ऑफिस पर अभी भी टिकी है जॉन की 'द डिप्लोमेट'

वर्कफ्रंट की बात करें तो जॉन अब्राहम की हालिया रिलीज 'द डिप्लोमेट' अभी सिनेमाघरों में चल रही है। उनकी फिल्म का मुकाबला विक्की कौशल की 'छावा' से हो रहा है। 'द डिप्लोमेट' में जॉन अब्राहम के साथ कुमुद मिश्रा, शारिब हाशमी, सादिया खातीब और जगजीत संधू भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं।

# क्रॉस-कल्चरल प्रेम कहानी है सुस्वागतम खुशामदीद




पुलकित सम्राट और इसाबेल कैफ की आगामी फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद अपनी अनूठी प्रेम कहानी के कारण लगातार चर्चा में है। धीरज कुमार, जिन्होंने पहले शरमन जोशी के साथ काशी इन सर्च ऑफ गंगा का निर्देशन किया था, इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। अब, निर्माताओं ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा की है। यह पहले पिछले साल 22 नवंबर को रिलीज होने वाली थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। अब यह फिल्म इसी साल 16 मई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें पुलकित और इसाबेल की शानदार जोड़ी दिख रही है। शरवन कुमार अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, धीरज कुमार, दीपक धर, अजान अली और सुनील राव ने मिलकर इसका निर्माण किया है। यह फिल्म एक क्रॉस-कल्चरल प्रेम कहानी को दर्शाती है, जो आज की विभाजित दुनिया में एकता के महत्व पर फोकस करती है।

# जेवर की जमीन बनेगी सोना, दस वर्ष बाद सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी

**वर्ष-2015 में बढ़ाये गये थे डीएम सर्किल रेट**

**नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के पास जेवर की जमीन को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने सोना बना दिया है। अब आने वाले दिनों में जेवर क्षेत्र की जमीनों के रेट आसमान छूने लगेंगे। जिला प्रशासन ने सर्किल रेट बढ़ाने का मसौदा शासन को भेजा है। जिसमें सबसे ज्यादा सर्किल रेट जेवर के बढ़ाने का प्रस्ताव है।

निबंधन विभाग ने नोएडा-ग्रेटर में करीब 10 वर्ष बाद कृषि भूमि, राजस्व ग्राम, प्राधिकरण क्षेत्रों के सर्किल रेट बढ़ाने का मसौदा तैयार किया गया है। सबसे अधिक सर्किल रेट 70 प्रतिशत जेवर क्षेत्र की जमीनों का बढ़ाने का प्रस्ताव है। गौतमबुद्धनगर जिले में अन्य परिसंपत्तियों का भी सर्किल रेट 15 से 25 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव शामिल है। पांच अप्रैल तक आपत्तियां मांगी गई हैं। जिनके निस्तारण के बाद जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा प्रस्तावित दरों पर अंतिम मुहर लगाएंगे।

गौतमबुद्ध नगर जिले में कृषि भूमि की दरों में अंतिम बार वर्ष 2015 में डीएम सर्किल रेट में बढ़ोतरी की गई थी। जो लगभग 15 से 20 प्रतिशत थी। जबकि अन्य श्रेणी की जमीन व परिसंपत्तियों के सर्किल रेट में वर्ष 2016 में 15 से 25 प्रतिशत तक वृद्धि की गई थी।



इसके बाद अब करीब 10 वर्ष बाद अब डीएम सर्किल रेट में बढ़ोतरी का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसमें तहसील जेवर की वर्तमान कृषि भूमि दर 900 रुपया प्रति वर्ग मीटर को बढ़ाकर 1550 रुपये प्रति वर्ग मीटर लागू करने का प्रस्ताव है। जो कि करीब 70 प्रतिशत है। फिलहाल जेवर क्षेत्र के लिए वर्तमान में सरकार द्वारा घोषित मुआवजा की धनराशि 4300 रुपये प्रतिवर्ग मीटर है। उप निबंधक प्रथम, द्वितीय व तृतीय, नोएडा के राजस्व ग्रामों के कृषि भूमि की दरों में 40 प्रतिशत, ग्रेटर नोएडा सदर उप निबंधक कार्यालय के सभी राजस्व ग्रामों में लगभग 50 प्रतिशत, उप निबंधक कार्यालय जेवर के सभी राजस्व ग्रामों में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की गयी है।

आबादी, सड़क से सटी कृषि भूमि की दरों में दादरी, सदर ग्रेटर नोएडा व जेवर में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की है।

# मानवप्रगति सेवा संस्थान कल करायेगी मैराथन




**नोएडा (चेतना मंच)।** सैक्टर-29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में मानवप्रगति सेवा संस्थान द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेसवार्ता के दौरान मानव प्रगति सेवा संस्थान की सचिव आकांक्षा शुक्ला ने मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए बताया की आगामी 29 मार्च को ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय, इटेडा में उत्तर प्रदेश सरकार की खेल समिति और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से मैराथन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें करीब 500 से भी अधिक शहरवासी हिस्सा लेंगें।

आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया की 'मानवता मैराथन' में मुख्य अथिति के तौर पर उत्तर प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव की मौजूद रहेंगे। वहीं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा मैराथन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे।

आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया की इस मैराथन में 10 किलोमीटर,5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर अलग अलग तीन कैटेगरी होंगी, जिसमें हर आयुवर्ग के लोग हिस्सा लेंगें,साथ ही हर कैटेगरी में प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाली महिला एवं पुरुष कैटेगरी में कैश पुरुस्कार क्रमशः 7,100,5,100 और 3,100 देकर सम्मानित किया जाएगा, साथ ही मैराथन में हिस्सा लेने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहेंगे।

# सेक्टर में गंदगी देख भड़के अधिकारी



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा-2 में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी समस्याओं की शिकायतों पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने सेक्टर का दौरा किया।

आरडब्ल्यूए महासचिव आलोक कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बहुत ज्यादा लापरवाही बरती जा रही है जिससे सेक्टरवासियों में काफी रोष है। हम लगातार पिछले कई दिनों से सही से सफाई ना होने की समस्या से लगातार अधिकारियों को अवगत करा रहे थे जिसको संज्ञान में लेते हुए प्राधिकरण के महाप्रबंधक स्वास्थ्य आर के भारती, सीनियर मैनेजर चरण सिंह एंव सहायक प्रबंधक मनोज चौधरी, ओंकार भाटी, ठेकेदार मुकेश नागर, अंकुर त्यागी, मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं का जायजा लिया। मौके पर गंदगी एवं पत्तों के ढेर लगे हुए मिले जिसको देखते हुए महाप्रबंधक ने स्वास्थ्य के सभी कर्मचारियों को सही से साफ सफाई करने की चेतावनी दी और अगले हफ्ते फिर से दौरा करने की बात कही।

# तेज रफ्तार बस ने स्कूटी सवार को रौंदा, मौके पर मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-104 हाजीपुर इलाके में स्टेलर मॉल चौराहे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। यह हादसा गुरुवार सुबह हुआ। इस हादसे ने एक बार फिर से नोएडा में सड़क सुरक्षा की स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक बस तेज रफ्तार में थी और लापरवाही से चलाई जा रही थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एडिशनल डीसीपी ने बताया मृतक प्रवीण कुमार पुत्र राधा चरण जिसकी बस के पहिये के नीचे आ जाने से मौके पर मौत हो गई. मृतक प्रवीण कुमार महॉखास जिला हाथरस का रहने वाला था। दुर्घटना में मारे गये प्रवीण के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और बस चालक की तलाश की जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही सेक्टर 39 थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और बस को कब्जे में ले लिया। हालांकि, हादसे के बाद आरोपी बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच कर रही है।

# एनकांउटर में लंगड़ा हुआ चेन स्नेचर



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के जेवर थाना के क्षेत्र स्थित खुर्जा अंडर पास के नीचे पुलिस और बाइक सवार बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके साथी को पुलिस ने कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों के कब्जे से तमंचा, कारतूस, हरियाणा से चोरी की गई मोटर साइकिल और स्नैचिंग और चोरी आठ मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि एनकाउंटर की बाद पैर में गोली लगने से घायल बदमाश की पहचान जेवर निवासी नाम नफीस के रूप में हुई है। जबकि पुलिस ने कांबिंग के दौरान गिरफ्तार उसके साथी का नाम सलमान है। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि जेवर पुलिस खुर्जा अंडर पास के पास चेकिंग की जा रही थी। तभी सामने से मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिन्हें पुलिस द्वारा रूकने का इशारा किया गया। वह नहीं रुके और पुलिस टीम पर फायरिंग कर नीमका से साबौता जाने वाली सर्विस रोड की तरफ भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया गया, तो मो0सा0 सवारों पुलिस टीम पर फायर किया पुलिस की जवाबी कार्यवाही में नफीस गोली लगने से घायल हो गया। घायल नफीस को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# 'उत्तर प्रदेश पिछले 8 वर्षों में बना उत्तम प्रदेश'

## प्रदेश के विकास की झलक देख गदगद हुए शहरवासी

**शिल्प हॉट में विकास उत्सव मेला सम्पन्न**

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप केंद्र सरकार के 10 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर तथा 'यूपी भारत का ग्रोथ इंजन' थीम पर आधारित 25 से 27 मार्च 2025 तक तीन दिवसीय विकास उत्सव मेला नोएडा शिल्प हॉट सेक्टर 33ए नोएडा में भव्य तरीके से संपन्न हुआ।

विकास उत्सव मेले के तीसरे दिन मेले में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने शिरकत की। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

विकास उत्सव मेले के तीसरे दिन विधान परिषद सदस्य एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिला कार्यक्रम विभाग के नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र, शिक्षा विभाग के 2 छात्रों को टैबलेट एवं 2 छात्राओं को स्मार्टफोन, सेवायोजन विभाग के 2 अभ्यर्थियों को रोजगार प्रमाण पत्र, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के 2 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग के 4 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र, अल्पसंख्यक विभाग के 1 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य विभाग के 2 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के 2 लाभार्थियों को अंत्योदय राशन कार्ड, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं कॉलेज कैंपस को नशा मुक्त घोषित करने वाले स्कूलों के प्रधानाचार्य को सम्मानित किया।




इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विगत 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश के अंदर विकास को गति मिली है। उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्रदेश वासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश एक बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था, परंतु मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विगत 8 वर्षों में उत्तम प्रदेश बना है।

इस अवसर पर माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा से समृद्धि (निपुण भारत अभियान पर केंद्रित) तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा अत्याचार उत्पीड़न एससी/एसटी एक्ट सतर्कता मॉनिटरिंग, अभ्युदय व छात्रवृत्ति से संबंधित जन सामान्य एवं छात्र-छात्राओं संगोष्ठी, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा अंत्योदय से सर्वोदय विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा भोजन प्रबंध व्यापार के लिए खाद्य सफाई एवं स्वच्छता प्रथाएं-प्राथमिक स्तर परिचय गोष्ठी, नुक्कड़ नाटक एवं स्कूली छात्र-छात्राओं के माध्यम से इट राइट मेल एवं हैकथॉन का आयोजन किया गया। हैकथॉन शिल्प हॉट नोएडा के गेट नंबर 3 से शुरू होकर आरटीओ ऑफिस, इस्कॉन मंदिर से होते हुए शिल्प हॉट में आयोजित हो रहे मेले के मंच पर समाप्त किया गया।




जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथियों का मेले में प्रतिभाग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां पर आधारित तीन दिवसीय विकास उत्सव मेले को भव्यता के साथ संपन्न कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की भी सराहना की।

इस अवसर उपस्थित अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्र, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सर्वेश मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र यादव एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

